राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 87 | नूंह, शनिवार 28 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

## अन्नामलाई ने खुद को छह कोड़े मार विरोध जताया



कोयंबटूर/चेन्नई, एजेंसी। चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा से यौन उत्पीड़न मामले में विरोध बढ़ने लगा है। शुक्रवार को भाजपा की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के अन्नामलाई ने मामले में राज्य पुलिस के रवैये पर खुद को छह कोड़े मारकर विरोध जताया।

अन्नामलाई ने राज्य पुलिस पर कथित यौन उत्पीड़न की पीड़ित छात्रा की पहचान जानबूझकर उजागर करने का आरोप लगाया। बता दें, क्रिसमस की पूर्व संध्या पर अन्ना विश्वविद्यालय में छात्रा से यौन उत्पीड़न की घटना हुई थी, जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस ने पीड़िता की पहचान सार्वजनिक कर दी है। विरोध जताने के लिए अन्नामलाई ने अपने आवास के सामने कोड़ा लेकर खुद पर छह वार किए। इस दौरान वह सिर्फ धोती पहने दिखे। वहीं भाजपा कार्यकर्ता पुलिस की निंदा करते हुए तख्तियां लेकर उनके पीछे खड़े दिखे। जारी वीडियो में जब सातवीं बार कोड़े लगाने गए, तो कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोक लिया। वहीं डीएमके के संगठन सचिव आरएस भारती ने अन्नामलाई के आंदोलन पर टिप्पणी कर कहा कि उनका विरोध एक तमाशा बन गया है।

## दिल्ली में बारिश और पहाड़ों पर हिमपात से ठिठुरन बढ़ी

नई दिल्ली. दिल्ली में गुरुवार आधी रात से हो रही लगातार बारिश और हिमाचल, उत्तराखंड में हिमपात की वजह से ठिठुरन बढ़ गई। शुक्रवार सीजन का सबसे ठंडा दिन रहा, अधिकतम तापमान में 10 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। दिल्ली में गुरुवार मध्य रात्रि के बाद बिजली चमकने के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। सुबह से ज्यादातर जगहों पर हल्की बरसात होने लगी। सूरज न निकलने के चलते अधिकतम तापमान में गिरावट हुई और अधिकतम तापमान 14.6 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से छह डिग्री कम है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 24.1 डिग्री दर्ज किया गया था। यानी चौबीस घंटे में अधिकतम तापमान में लगभग 10 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई। सफदरजंग में न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो कि सामान्य से चार डिग्री ज्यादा है। उत्तराखंड और हिमाचल के ऊंचाई वाले इलाकों में शुक्रवार शाम से बर्फबारी का दौर शुरू हो गया। उत्तराखंड में 2500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को भारी बर्फबारी होगी। वहीं, कश्मीर घाटी के मैदानी इलाकों में शुक्रवार को मौसम का पहला हिमपात हुआ।

## मुंबई हमले में वांछित आतंकवादी मक्की की पाकिस्तान में मौत

लाहौर, एजेंसी। मुंबई आतंकी हमले के साजिशकर्ता और लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के उप प्रमुख हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की शुक्रवार को दिल का दौरा पड़ने से पाकिस्तान में मौत हो गई। मक्की जमात-उद-दावा (जेयूडी) के प्रमुख हाफिज सईद का साला था। उसे हाफिज की परछाई माना जाता था। मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था और लाहौर के एक निजी अस्पताल में उच्च मधुमेह के कारण उसका इलाज चल रहा था। मई, 2019 में पाकिस्तान सरकार ने उसे गिरफ्तार कर लाहौर में नजरबंद कर दिया था। मक्की को 2020 में आतंकवाद रोधी कोर्ट ने आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े मामलों में दोषी ठहराते हुए छह महीने की सजा सुनाई थी।


**पूर्वानुमान** | उज्जैन की जीवाजी वेधशाला के अनुसार वर्ष 2025 में ग्रहणों का सिलसिला 14 मार्च को लगने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण से शुरू होगा

# नए साल में लगेंगे चार ग्रहण, भारत में सिर्फ एक दिखेगा

इंदौर, एजेंसी। नए साल में सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा की चाल दुनिया को दो सूर्यग्रहणों और दो चंद्रग्रहणों के रोमांचक दृश्य दिखाएगी। हालांकि, भारत में सिर्फ एक ग्रहण ही नजर आएगा।

उज्जैन की प्रतिष्ठित जीवाजी वेधशाला ने यह पूर्वानुमान जताया है। वेधशाला के अधीक्षक डॉ. राजेंद्र प्रकाश गुप्त ने शुक्रवार को बताया कि 2025 में ग्रहणों का सिलसिला 14 मार्च को लगने वाले पूर्ण चंद्रग्रहण से शुरू होगा। गुप्त ने बताया कि नववर्ष का यह पहला ग्रहण भारत में नहीं देखा जा सकेगा क्योंकि इस खगोलीय घटना के वक्त देश में दिन का समय होगा।

अमेरिका, पश्चिमी यूरोप में दिखाई देगी खगोलिय घटनाः यह खगोलीय घटना अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, पश्चिमी अफ्रीका और उत्तरी व दक्षिणी अटलांटिक महासागर में दिखाई देगी। उनके मुताबिक, आगामी 29 मार्च को लगने वाला आंशिक सूर्यग्रहण भी भारत में नहीं देखा जा सकेगा। यह ग्रहण उत्तरी अमेरिका, ग्रीनलैंड, आईस लैंड, उत्तरी अटलांटिक महासागर, संपूर्ण यूरोप और उत्तर-पश्चिमी रूस में देखा जा सकेगा।



**14** मार्च को लगने वाला चंद्रग्रहण देश में नहीं दिखेगा

**07** और आठ सितंबर को लगने वाला चंद्रग्रहण आएगा नजर

### सितंबर में दिखेगा नजारा

उन्होंने बताया, भारतीय खगोलप्रेमियों को यह बात उत्साहित कर सकती है कि 2025 में सात और आठ सितंबर के बीच लगने वाला पूर्ण चंद्रग्रहण देश में देखा जा सकेगा। यह ग्रहण एशिया के अन्य देशों के साथ ही यूरोप, अंटार्कटिका, पश्चिमी प्रशांत महासागर, ऑस्ट्रेलिया और हिंद महासागर क्षेत्र में भी दिखाई देगा।

### 21 सितंबर को लगेगा अंतिम ग्रहण

गुप्त ने बताया कि 2025 का अंतिम ग्रहण आंशिक सूर्यग्रहण के रूप में 21 और 22 सितंबर के बीच लगेगा और यह खगोलीय घटना भारत में देखी नहीं जा सकेगी। उन्होंने कहा, यह आंशिक सूर्यग्रहण न्यूजीलैंड, पूर्वी मेलानेशिया, दक्षिणी पोलिनेशिया और पश्चिम अंटार्कटिका में नजर आएगा।

## कोर्ट ने रेप आरोपी को किया बरी

# शारीरिक संबंध का मतलब यौन उत्पीड़न नहीं: दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाई कोर्ट ने पोक्सो ऐक्ट के तहत 14 साल की लड़की के रेप और यौन उत्पीड़न के आरोप में उम्र कैद की सजा काट रहे एक शख्स को बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि शारीरिक संबंध शब्द को यौन उत्पीड़न नहीं कह सकते। मामले की सुनवाई कर रही जस्टिस प्रतिभा एम सिंह और जस्टिस अमित शर्मा की पीठ ने कहा, पीड़िता का बयान यौन संबंध या यौन उत्पीड़न का संकेत नहीं देता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक पीठ ने कहा, पीड़िता ने अपने बयान में शारीरिक संबंध शब्द का इस्तेमाल किया लेकिन यह साफ नहीं है कि इससे उसका क्या मतलब था। यहां तक कि संबंध बनाया शब्द का इस्तेमाल भी पोक्सो अधिनियम की धारा 3 या आईपीसी की धारा 376 के तहत अपराध स्थापित करने के लिए पर्याप्त नहीं है। इस मामले में लड़की की मां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि एक अज्ञात शख्स उनकी बेटी को बहला फुसला कर उनके घर से उसका अपहरण कर ले गया। इसके बाद लड़की ने पुलिस को बताया था कि उनके बीच शारीरिक संबंध थे।

■ पूर्व प्रधानमंत्री के घर पहुंचकर मोदी ने दी श्रद्धांजलि ■ निगम बोध घाट पर अंतिम संस्कार आज होगा

# मनमोहन सिंह सबके प्रेरणास्रोत:मोदी

**नई दिल्ली,** (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके आवास पर जाकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मोदी ने कहा कि मनमोहन सिंह हम सबके प्रेरणास्रोत रहे। केंद्रीय कैबिनेट ने भी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया।

मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र के विकास और प्रगति में डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। इससे पहले मोदी ने एक वीडियो संदेश में मनमोहन सिंह के निधन को राष्ट्र के लिए बड़ी क्षति बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह को दयालु इंसान, विद्वान अर्थशास्त्री और सुधारों के लिए समर्पित नेता के रूप में याद किया जाएगा। उनका जीवन पीढ़ियों को सिखाता है कि कैसे विपरीत परिस्थितियों से ऊपर उठकर ऊंचाइयां प्राप्त की जाती हैं।

मोदी ने एक अर्थशास्त्री के रूप में मनमोहन सिंह के योगदानों को रेखांकित किया और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के रूप में उनकी भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न पीवी नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री के रूप में मनमोहन सिंह ने देश को वित्तीय संकट से बाहर निकाला और एक नए आर्थिक पथ पर अग्रसर किया।

मोदी ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता हासिल करना साधारण उपलब्धि नहीं है। विभाजन के दौरान भारत आने के क्रम में बहुत कुछ खोने के बावजूद उन्होंने इन उपलब्धियों को हासिल किया। प्रधानमंत्री ने याद करते हुए बताया कि इस वर्ष के आरंभ में राज्यसभा में अपना कार्यकाल खत्म होने पर अपनी शारीरिक चुनौतियों के बावजूद, डॉ. सिंह ने व्हीलचेयर पर बैठकर महत्वपूर्ण सत्रों में भाग लिया और अपने संसदीय कर्तव्यों को पूरा किया।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नई दिल्ली में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### अंतिम संस्कार आज

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह पार्टी मुख्यालय में लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। वहीं से सुबह साढ़े नौ बजे अंतिम यात्रा शुरू होगी। गृह मंत्रालय ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 11:45 बजे निगमबोध घाट पर किया जाएगा।



“पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति है। वे मेरे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे। उनके निधन से पार्टी ने एक ऐसे नेता को खो दिया है, जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे। –**सोनिया गांधी**, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष

### दिग्गजों ने श्रद्धांजलि अर्पित की

तिरंगे में लिपटे पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को उनके आवास पर फूलों से सजे ताबूत में रखा गया। इस दौरान गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, एआईसीसी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने वहां पहुंचकर शोक जताया।

### सरकार राजधानी में स्मारक बनाएगी

केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कांग्रेस अध्यक्ष ने स्मारक बनाने की मांग करते हुए पत्र भी लिखा था।

### रूस, चीन, अमेरिका समेत कई देशों ने शोक जताया

रूस, चीन, अमेरिका समेत कई देशों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है। इन देशों के नेताओं एवं राजदूतों ने शुक्रवार को मनमोहन सिंह को एक उत्कृष्ट नेता बताया और भारत की प्रगति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की।

## ‘अंत्येष्टि का स्थान नहीं ढूंढ़ पाई सरकार’

नई दिल्ली. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अंत्येष्टि निगम बोध घाट पर कराए जाने के फैसले को लेकर कांग्रेस ने शुक्रवार को केंद्र सरकार पर हमला बोला है।

मुख्य विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा अंत्येष्टि और स्मारक के लिए स्थान नहीं ढूंढ़ पाना पूर्व प्रधानमंत्री का अपमान है। इससे पहले दिन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर आग्रह किया था कि मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार वहीं किया जाए जहां उनका स्मारक बनाया जाना है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ‘एक्स’ पर पोस्ट किया, हमारे देश के लोग यह समझने में असमर्थ हैं कि भारत सरकार उनके दाह संस्कार और स्मारक के लिए कोई ऐसा स्थान क्यों नहीं खोज सकी जो उनके वैश्विक कद, उत्कृष्ट उपलब्धियों के रिकॉर्ड और दशकों से राष्ट्र के लिए अनुकरणीय सेवा के अनुरूप हो। उधर, कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक में पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 11 बजकर 45 मिनट पर यहां निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा।

# रुपये का दो साल बाद लंबा गोता

## फरवरी 2023 के बाद एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट के साथ नए निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डॉलर की मजबूत मांग के बीच शुक्रवार को भारतीय रुपया नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। एक डॉलर के मुकाबले 21 पैसे गिरकर 85.48 रुपया पर पहुंच गया। कारोबार के दौरान 53 पैसे गिरकर 85.80 के अपने सबसे निचले स्तर पर लुढ़कने के बाद रिजर्व बैंक के संभवत- हस्तक्षेप के सहारे रुपये ने अपने नुकसान की कुछ भरपाई की। यह फरवरी 2023 के बाद से एक दिन में सबसे बड़ी गिरावट है। डॉलर के मुकाबले 85 रुपये का दायरा पहली बार 19 दिसंबर को पार हुआ था। घरेलू मुद्रा में लगातार नौवें सत्र में गिरावट जारी रही और इस साल अब तक अमेरिकी डॉलर के मुकाबले इसमें 3 की गिरावट आ चुकी है। रुपया लगातार सातवें साल वार्षिक घाटा दर्ज करने वाला है।

छह मुद्राओं के समूह के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापने वाला डॉलर इंडेक्स 108.1 से ऊपर कारोबार कर रहा था, जबकि 10 साल के बॉन्ड पर यू.एस. ट्रेजरी यील्ड में उछाल के कारण 4.50 के आसपास कारोबार हो रहा था। अन्य एशियाई मुद्राओं में 0.1 से 1 तक की गिरावट आई।

रॉयटर्स के अनुसार, इस महीने अब तक डॉलर में 2 से अधिक की वृद्धि हुई है और यह लगातार तीसरे महीने बढ़ने की ओर अग्रसर है।



### इस गिरावट का अर्थ

रुपये का टूटना कमजोर अर्थव्यवस्था का संकेत है। विदेशी पूंजी की निकासी से यह स्थिति बनी है। रुपये के कमजोर होने के कारण भारत का मुद्रा भंडार दबाव में है।

### 86 को तोड़ना संभव

डॉलर के मुकाबले रुपये की कीमत 86 से भी नीचे जाने के आसार हैं। मार्च के अंत तक इसके इस स्तर तक गिरने की आशंका जताई जा रही है। अगले साल वर्ष 2025 में वैश्विक व्यापार में अनिश्चितताएं बढ़ने की संभावना है, खासकर अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद उच्च शुल्क लगाए जाने की खबरों के चलते। ऐसे हालात में भारतीय रुपये पर दबाव बना हुआ है और यह स्थिति सभी विकासशील देशों की मुद्राओं के लिए भी चुनौतीपूर्ण बन सकती है। फिलहाल बाकी विकासशील देशों की तुलना में रुपया मजबूत ही दिख रहा है क्योंकि वित्त वर्ष में नवंबर के आखिरी तक रुपया एक दायरे में ही रहा और जी20 देशों की मुद्रा के मुकाबले इसमें कम उतार-चढ़ाव दिखा।

## डीजीसीए का सख्त ऐक्शन

# अकासा एयर के 2 निदेशकों को कर दिया निलंबित

**नई दिल्ली.** विमानन सुरक्षा नियामक डीजीसीए ने शुक्रवार को अकासा एयर के संचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को 6 महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दिया। पायलटों की ट्रेनिंग में चूक मामले को लेकर यह कदम उठाया गया। नागर विमानन महानिदेशालय ने अपने आदेश में कहा, %राकेश झुनझुनवाला परिवार की हिस्सेदारी वाली एयरलाइन के 2 सीनियर अधिकारी नागर विमानन से जुड़े प्रावधानों का पालन सुनिश्चित करने में विफल रहे हैं। डीजीसीए ने अकासा एयर के परिचालन निदेशक और प्रशिक्षण निदेशक को क्रमश- 15 और 30 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस भेजा था। आरोपी अधिकारियों की ओर से भेजे गए जवाब को असंतोषजनक पाते हुए डीजीसीए ने उन्हें छह महीने के लिए निलंबित करने का आदेश दे दिया।

# किसी भी यूपीआई ऐप से वॉलेट में पैसे भेज सकेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** आरबीआई ने शुक्रवार को प्रीपेड कार्डधारकों को तीसरे पक्ष वाले मोबाइल एप्लीकेशन के जरिये यूपीआई भुगतान करने और भुगतान पाने की अनुमति दे दी। आरबीआई के इस निर्णय से गिफ्ट कार्ड, मेट्रो रेल कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे पीपीआई (प्रीपेड उत्पाद) धारकों को अधिक सुविधा होगी।

केंद्रीय बैंक ने कहा कि तीसरे पक्ष वाले यूपीआई ऐप के जरिये पूर्ण-केवाईसी वाले प्रीपेड भुगतान उपकरणों से यूपीआई भुगतान को सक्षम करने का निर्णय लिया गया है। इसी तरह पीपीआई को यूपीआई भुगतान पाने की भी मंजूरी होगी।

आरबीआई ने कहा, एक पीपीआई जारीकर्ता अपने ग्राहक को यूपीआई हैंडल से जोड़कर केवल अपने पूर्ण-केवाईसी वाले पीपीआई धारकों को यूपीआई भुगतान करने में सक्षम करेगा। जारीकर्ता के एप्लीकेशन पर पीपीआई से यूपीआई लेनदेन ग्राहक के मौजूदा पीपीआई पहचान का उपयोग करके प्रमाणित किया जाएगा। इस लेनदेन को यूपीआई प्रणाली तक पहुंचने से पहले पूर्व-अनुमोदित किया जाएगा। आरबीआई ने कहा कि भुगतान प्रणाली प्रदाता के रूप में पीपीआई जारीकर्ता को किसी भी बैंक या किसी अन्य पीपीआई जारीकर्ता के ग्राहकों को अपने साथ नहीं जोड़ना चाहिए।

### प्रीपेड भुगतान माध्यम

प्रीपेड भुगतान माध्यम कार्ड या डिजिटल वॉलेट में रकम डालने की अनुमति देता है। अगर आपको पेटीएम वॉलेट में पैसे ट्रांसफर करने हैं, तो उसका इंटरफेस इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। पैसे को किसी अन्य यूपीआई ऐप से भी वॉलेट में भेजा जा सकता है।

# साउथ कोरिया की संसद में हंगामा, सांसदों ने कॉलर पकड़े



**सोअल (एजेंसी)।** साउथ कोरिया की संसद में शुक्रवार को प्रधानमंत्री और कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू को महाभियोग चलाकर पद से हटा दिया गया। उन्हें हटाने के पक्ष में 192 वोट पड़े, जबकि इसके लिए 151 वोटों की जरूरत थी। महाभियोग की वजह से संसद में काफी हंगामा हुआ। इस वजह से सांसदों ने एक-दूसरे के कॉलर पकड़ लिए। कार्यवाहक राष्ट्रपति के खिलाफ लाए गए महाभियोग प्रस्ताव के खिलाफ में एक भी वोट नहीं पड़ा क्योंकि सत्ताधारी पार्टी ने वोटिंग का बहिष्कार कर दिया। अब वित्त मंत्री चोई सांग-मोक कार्यवाहक राष्ट्रपति के रूप में पदभार संभालेंगे। चोई सांग ने 3 दिसंबर को मार्शल लॉ लगाने का खुलकर विरोध किया था। उन्होंने इसे देश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी बताया था। यून सुक योल ने 3 दिसंबर को देश में इमरजेंसी (मार्शल लॉ) लगा दिया था। हालांकि विपक्ष की कोशिशों से यह सिर्फ 6 घंटे के लिए ही लागू रह पाया। विपक्षी पार्टी ने संसद में वोटिंग के जरिए मार्शल लॉ प्रस्ताव को अवैध घोषित कर दिया था।

**चिंताजनक** | राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग ने कराया सर्वे, सबसे जोखिम वाला राज्य कर्नाटक, बिहार में पहले से बेहतर हुई स्थिति

# बाल विवाह के जोखिम में देश के 11.49 लाख बच्चे

(एजेंसी)

**मुजफ्फरपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार आयोग के सर्वे में देश के 11 लाख 49 हजार 23 बच्चे बाल विवाह के जोखिम की स्थिति में पाये गए हैं। आयोग ने यह सर्वे रिपोर्ट 28 राज्य और आठ केंद्र शासित प्रदेशों के 2 लाख 58 हजार 37 गांवों की रिपोर्ट की समीक्षा के बाद जारी की है।

आयोग ने बताया है कि बाल विवाह के लिहाज से देश के इतने बच्चे जोखिम की स्थिति में हैं, इसलिए तत्काल सभी राज्यों में इस पर कार्रवाई की जरूरत है।

रिपोर्ट में कर्नाटक को बाल विवाह के लिहाज से सबसे जोखिम वाला प्रदेश बताया गया है। वहीं बिहार में बाल विवाह की घटनाओं में आई कमी को भी रेखांकित किया है। आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने बाल विवाह के जोखिम वाले इन बच्चों के लिए चिंता जाहिर करते हुए बाल विवाह अधिनियम को और प्रभावी तरीके से लागू करने का आदेश दिया है।

**2.58** लाख गांवों के सर्वे में ड्रॉपआउट बच्चों की रिपोर्ट को लेकर अलर्ट

### ड्रॉपआउट बच्चों को लेकर एहतियाती कदम के आदेश



आयोग ने बताया है कि पिछले साल देश के 1149023 बच्चे स्कूल से ड्रॉपआउट हुए हैं। बिना सूचना दिये लम्बे समय तक गायब इन स्कूली बच्चों पर बाल विवाह का सबसे अधिक जोखिम है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस अवधि में उत्तर प्रदेश से सर्वाधिक 501621 बच्चे स्कूल से ड्रॉपआउट हुए हैं।

### कार्रवाई में एकतरफा सख्ती

आयोग ने अपनी एसओपी में कहा है कि एक तो बाल विवाह के मामले में एफआईआर ही बहुत कम दर्ज की जा रही है और आरोपितों को बांड पर छोड़ दिया जा रहा है। जहां मामले दर्ज भी हो रहे हैं, वहां अधिकतर वर पक्ष पर कार्रवाई हो रही है और वधु पक्ष के दोषियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

### बिहार की स्थिति सुधरी

आयोग ने स्कूल से ड्रॉपआउट बच्चों की संख्या और पिछले दो साल पूर्व थानों में दर्ज बाल विवाह की संख्या की तुलना करते हुए बाल विवाह के लिए कर्नाटक को सबसे ज्यादा जोखिम वाला प्रदेश बताया है, जबकि बिहार की स्थिति पर आयोग ने संतोष जताया है। आयोग ने एनसीआरबी की रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि 2022 में कर्नाटक में बाल विवाह के सर्वाधिक 215 मामले प्रकाश में आये। बिहार, राजस्थान, हरियाणा, अरुणाचल प्रदेश जैसे राज्यों की स्थिति बेहतर हुई है।

# Pigeon seduces women with advanced techniques

▶ Madhukar Reddy is the manager of Mahalakshmi Enterprises

▶ APGVB RM GPS. Chaitanya Kumar Pigeon Kitchen Outlet Launched in Hanumakonda



Warangal, 27 December : Nallavelli Madhukar Reddy, manager of Mahalakshmi Enterprises, announced the inauguration of a new Pigeon Company outlet on Naeem Nagar Main Road, Hanumakonda. The event, held on Friday, was graced by APGVB RM GPS. Chaitanya Kumar as the Chief Guest.

The outlet, supported financially by APGVB, aims to offer high-quality, affordable kitchen supplies designed with advanced technology.

Madhukar Reddy emphasized that these products cater to the middle class, enabling easy preparation of delicious meals. He also suggested that the products serve as ideal gifts for special occasions. RM GPS. Chaitanya Kumar encouraged the city residents to make use of the opportunity and praised the organizers, Madhukar Reddy and his wife Madhavi, for their efforts. Mahalakshmi Enterprises committed to building customer trust through guaranteed warranties and excellent service. The event was attended by APGVB employees, relatives, and well-wishers.

# TG IIC Chairman Nirmala Jaggareddy Tribute to former Prime Minister Manmohan Singh



Sangareddy District December 28 : In Sangareddy District Center Nirmala Jaggareddy paid tributes to former Prime Minister Dr. Manmohan Singh, the country's financial father, and said that the country has lost a great leader.The leader who took the country forward economically and made many reforms said that he did many things like food scheme, Aadhaar, RTI Act, Education Act, etc.CDC chairman Ram Reddy, ex-library chairman Topaji Anantha Kishan, Congress leaders Koona Santhosh, Kiran Goud, Mahesh, Srikanta Goud, Sadashivapet Party President Siddanna, Councilors Nagaraj, Sohail, Leaders Kasini Raju, Chithari Yadagiri, Srinivas and others were present.

# District SP will reduce the crime rate

▶ Chennoor Rupesh




Sangareddy District December 28 : District SP Chennuru Rupesh said in the SP office in Sangareddy district center that in the year 2024 ganja,the district industrialist said that a lot of care has been taken on traffic matters and the activation of She Teams has reduced the shortage of police in the district with the arrival of 430 new constables.

As the development is progressing, a boy who went missing in the government hospital two months ago was saved in 30 hours due to the construction of QR code for autos so that the workers going in shifts do not face any problem.

This year there were almost 8 cases last year but this time 24 ganja cases have been filed Karnataka border is about 150 distance Orissa, Andhra, Mumbai, Karnataka, Maharashtra, those who transported ganja from the states were imported and those who exported them were brought and remanded. In cyber crime 4780 people were arrested and remanded.

900 were recovered, 17,500 passport applications were made, 17119 were given in verification, murders increased by 4 percent, recovery was 26%, 11 people were sentenced to life imprisonment, 1 was hanged.150 cases of matka were bound over and a police canteen was also set up. Sangareddy Town, Sangareddy Rural, Sadashivapet, Zaheerabad Narayankhed, Patancheru. The related technical teams have been formed and all this is being done peacefully without any issues. Patancheru, Sangareddy, , Narayankhed DSPs and CIs participated in this program.

# A land dispute between two families that took lives

▶ One died and another was seriously injured

▶ No one's name was recorded in the government records on the land

▶ Case registered against two families: CI Nagarjuna Rao



Warangal, 27 December : The land dispute between the families of Dongiri Butchaiah and Sodari Lingiah in Ippala Gudem, Kataram Mandal, Jayashankar Bhupalapalli district, escalated tragically, resulting in one death and a serious injury. This long-standing dispute, reportedly without proper land ownership records, has led to violence in the past, with cases already registered against both families.On Friday morning, Dongiri Butchaiah confronted Lingiah and his wife, Padma, at the disputed site, which soon turned into a heated argument. During the altercation, Butchaiah attacked Padma with a shovel, inflicting severe injuries. Padma informed her son, Pawan, who, enraged by the incident, confronted Butchaiah near a cattle hospital in Kataram. Armed with a stick, Pawan struck Butchaiah on the head, leading to his immediate death. Circle inspector Nagarjuna Rao confirmed that prior clashes between these families were reported to the police, primarily stemming from the lack of documented ownership of the land under cultivation. A case has been registered, and further investigations are underway. This incident underscores the critical need for proper land documentation and conflict resolution mechanisms to prevent such trag-

# Mitti Cafe now available at Bolarum Rastrapathi Nilayam

Hyderabad, Dec.27 (NSS): The popular Mitti Cafe is now available to the people at the Rashtrapati Nilayam in Bolarum, Hyderabad.The cafe is managed by 15 people with mental, physical, and health disabilities. At the Mitti cafe, they prepare and sell delicious, high-quality samosas, chaat, pakodi, masala tea, biscuits, coffee, Maggi, sandwiches, various types of ice creams and other snacks.We regularly see people suffering from various physical and mental health disabilities, and their parents struggling under their care. The Mitti Cafe is a non-profit organisation formed to reach out to such children and provide them with the skills and training they need to stand on their own feet and become financially self-reliant.G. Swathi, an organiser, explained that Mitti Cafes have been set up at more than 40 recognised locations across the country, including the Rashtrapati Bhavan in Delhi.

PICTALK



The event involved several prominent figures, including Vardhannapet MLA KR Nagaraju, Hanumakonda District Kisan Congress President Pingili Venkatram Narasimha Reddy, and District Legal Sales Vice President Shekhar Rao, gathering to honor Chief Advisor Vem Narender Reddy on his birthday. The group paid floral tributes at his residence in Hyderabad on Friday, marking the occasion with respect and celebration.

- Warangal

PICTALK



Deeply saddened by the passing of former Indian Prime Minister Dr Manmohan Singh, an outstanding leader who is widely revered by the Indian people. Heartfelt condolences to his family and loved ones." From Mohd Yaseen Ayyubi Bhai (Telangana Pradesh Senior Leader,) Shaik Nayeem Uddin bhai, (Telangana Pradesh Senior Leader)...Masood patel, Sajeed Patel, Ishaq bhai, Zafar bhai, Shaik Akram bhai, Shabbir bhai, Mozzam khan and other at Suleman Nagar, Rajendranagar Constituency.



Organized by Hasnain Islamic, like every year this year too, on the occasion of New Year, the fourth annual gathering to prevent the young generation from immorality and obscenity will be held on Tuesday, December 31, 2024, at 9:30 PM, at Vate Pally Muhammadiyah Colony Mosque. It will be held at Amr Bhai's house opposite Muhammadiyah. This spiritual gathering is a great opportunity to spend the New Year, happiness, blessings and seeking the pleasure of Allah. Ikram and Mushaykeen Azam will shed detailed light on the Islamic perspective on the New Year. The Zamdaran of the above-mentioned blessed gathering appealed to the public, especially the youth, to participate in this blessed gathering without time limit and get the rewards.



At the wedding ceremony of Mohammed Mazher Uddin's brother Mohammed Zubair Uddin's son, Mohammed Muneer Uddin, prominent attendees included Mohammed Siddiq Ahmed (Founder of ZED NEWS TV CHANNEL), Mohammed Riyaz Ahmed (Chairman), Mirza Yousuf Ali Baig Sufi, and others. At Shah Palace Attapur Hyderabad.

PICTALK



On 26th Dec at Grand Function Hall, Marriage of Mr. Mohammed Moinuddin`s daughter with Syed Abdul Qhaliq s/o Mr. Syed Abdul Malik. Function attended by big personalities like (Al-Indo Arab Federation) President Mr. Ali Habeeb Mohammed Sikander Hashmi, Wrestler Mohammed Wajid, State Youth President Mohammed Majid Ahmed, Mohammed Nayeem Uddin, Mohammed Tahir and others.

## पूर्व सीएम ओमप्रकाश की अस्थि कलश यात्रा शुरू, तीन दिनों में 21 जिलों का सफर करेगी तय



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हरियाणा।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं इनेलो सुप्रीमो स्व.ओमप्रकाश चौटाला की अस्थि कलश यात्रा शुक्रवार को फतेहाबाद पहुंची। इनेलो के डबवाली से विधायक आदित्य देवीलाल, पूर्व मुख्यमंत्री के पोते एवं रानियां से विधायक अर्जुन चौटाला और इनेलो प्रदेशाध्यक्ष रामपाल माजरा की अगुवाई में यह अस्थि कलश यात्रा फतेहाबाद पहुंची। इस दौरान इनेलो कार्यकर्ताओं, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने पूर्व मुख्यमंत्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इनेलो के राष्ट्रीय प्रवक्ता व फतेहाबाद जिला प्रभारी उमेद लोहान ने बताया कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में इनेलो कार्यकर्ताओं के साथ-साथ शहर की विभिन्न सामाजिक, राजनीतिक व धार्मिक संस्थाओं के सदस्यों ने भी भाग लेकर पूर्व सीएम को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने कहा कि स्व. ओमप्रकाश चौटाला का फतेहाबाद जिले से विशेष लगाव था और यहां काफी संख्या में लोग उनसे जुड़े रहे हैं। लोहान ने कहा कि स्व. ओमप्रकाश चौटाला के निधन से प्रदेशभर के लोगों में शोक की लहर है और उन्हें अपने प्रिय नेता से बिछुड़ने का गम है। आज भले ही शारीरिक तौर पर ओमप्रकाश चौटाला हमारे बीच नहीं है, लेकिन वे सदैव लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद के बाद यात्रा हिसार पहुंचेगी। इस तरह एक दिन में सात जिलों में यात्रा जाएगी। 29 दिसंबर को यात्रा का समापन पंचकूला में होगा। एक कलश को जिले की पवित्र नदी या सरोवर में विसर्जित भी किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता विकास मेहता, जिलाध्यक्ष बलविंद्र कैरों, सुमनलता सिवाच सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस प्रकार चलेगी कलश यात्रा

27 दिसंबर: फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, दादरी, महेंद्रगढ़, नारनौल, रेवाड़ी पहुंचेगी और गुरुग्राम में रात्रि विश्राम होगा।

28 दिसंबर: गुरुग्राम से सुबह नौ बजे यात्रा पुनः शुरू होगी। फरीदाबाद, पलवल, मेवात, झज्जर, रोहतक, सोनीपत पहुंचेगी। रात्रि विश्राम सोनीपत में होगा।

29 दिसंबर: पानीपत से सुबह नौ बजे यात्रा पुनः शुरू होगी। यात्रा जींद, कैथल, करनाल, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला, कुरुक्षेत्र तक जाएगी।

## हिसार में पूरे साल रही सफाई व्यवस्था बेपटरी, बेसहारा पशुओं की समस्या का भी नहीं हो सका समाधान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हिसार।** हिसार नगर निगम में पूरे साल व्यवस्था कचरा बनी रही। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि साल भर सफाई व्यवस्था बेपटरी रही तो बेसहारा पशुओं की समस्या का भी समाधान नहीं हो सका। यही नहीं लोग प्रॉपर्टी टैक्स दुरुस्त करवाने के लिए भी निगम कार्यालय के चक्कर काटते रहे। डोर टू डोर टेंडर लगाने के बाद भी सफाई व्यवस्था में नहीं हुआ सुधार इस साल निगम की तरफसे डोर टू डोर कचरा उठाने को लेकर दो टेंडर लगाए। इन टेंडर के लगने के बाद शहरवासियों को उम्मीद जगी कि अब सफाई व्यवस्था सुधरेगी। बावजूद इसके सफाई व्यवस्था में कोई खास सुधार देखने को नहीं मिला। अब भी सड़कों के किनारे कचरे के ढेर लगे रहते हैं और घरों से काफी दिनों तक कचरा ही नहीं उठता। इसके अलावा कई-कई दिनों तक सफाई कर्मचारी भी झाड़ू लगाते नजर नहीं आते। लोगों को कचरे का उठान करवाने के लिए निगम के हेल्पलाइन नंबर की मदद लेनी पड़ती है।

पशु पकड़ने की तीन गाड़ियां होने के बाद भी शहर नहीं हो सका बेसहारा पशु मुक्त पहले निगम के पास पशु पकड़ने वाली एक ही गाड़ी थी और वह भी खटारा था। उस समय अधिकारी यह रोना रोते थे कि उनके पास ढंग की गाड़ी नहीं है। इस साल निगम ने दो नई गाड़ियां खरीदी और अब निगम के पास तीन गाड़ियां हो चुकी है। बावजूद इसके आज तक शहर बेसहारा पशु मुक्त नहीं हो सका है। वर्तमान में शहर की सड़कों पर हजारों की संख्या में पशु खुले में घूम रहे हैं, जिनके कारण हादसे होते रहते हैं।

**प्रॉपर्टी टैक्स का रिकॉर्ड नहीं हो सका दुरुस्त**

इस साल भी प्रॉपर्टी टैक्स का रिकॉर्ड दुरुस्त नहीं हो सका। लोग साल भर इसे ठीक करवाने के लिए निगम कार्यालय के चक्कर काटते रहे। हालांकि निगम में इसे लिए समाधान शिविर तक लगाए गए, लेकिन भी रिकॉर्ड ठीक नहीं हो सका। निगम में करीब 1.52 लाख प्रॉपर्टी हैं।

**नए संसाधन खरीदने गए**

सफाई व्यवस्था सुधारने के लिए निगम ने एक बड़ी व एक छोटी रोड स्वीपिंग मशीन खरीदी। ट्रक माउटेंड रोड स्वीपिंग मशीन 93 लाख 90 हजार रुपये कीमत की है, जबकि इटली मेड छोटी रोड स्वीपिंग मशीन की लागत करीब 91 लाख रुपये है। इसके अलावा निगम ने पानी के छिड़काव के लिए दो स्प्रिंकलर मशीन भी खरीदी।

**निगम कार्यालय का करवाया गया पुनरोद्धार**

इसके अलावा इस साल निगम कार्यालय का पुनरोद्धार भी करवाया गया। इसके तहत अधिकारियों के बैठने के लिए नए कमरे व एक नया मीटिंग हॉल **का निर्माण भी करवाया गया। साथ ही निगम कार्यालय में नागरिक सुविधा** केंद्र भी शुरू किया गया, जहां शहरवासी प्रॉपर्टी टैक्स संबंधी फाइलें निशुल्क लगवा सकते हैं।

**यह कहना है शहरवासियों का**

शहर की सफाई व्यवस्था काफी खराब है। सड़कों पर सफाई कर्मचारी नजर ही नहीं आते। कई दिनों तक सड़कों पर सफाई नहीं होती। घरों से भी कचरे का उठान प्रतिदिन नहीं होता। -सत्येंद्र यदुवंशी, निवासी, सूर्य नगर।

एक निजी कंपनी के सर्वे के बाद सारा प्रॉपर्टी टैक्स रिकॉर्ड गलत हो गया था। मगर आज तक निगम कर्मचारी उसे दुरुस्त नहीं कर सके हैं। लोग आज तक इसे ठीक करवाने के लिए निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। -अनिल शर्मा, निवासी, मिल गेट।

निगम की पूरी कार्यप्रणाली भी बेपटरी है। निगम में कोई भी काम समय पर नहीं होता। कर्मचारी लोगों को बेवजह चक्कर कटवाते हैं। शहर की सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। -एडवोकेट योगेश सिहाग।

शहर की सड़कों पर आज भी बेसहारा पशु घूम रहे हैं और लोगों को चोट पहुंचा रहे हैं। इन हादसों में कई लोगों की तो जान भी जा चुकी है। मगर निगम अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। -जगदीश पूनिया, निवासी, आजाद नगर।

## गांधी मैदान से मनमोहन सिंह ने भरी थी हुंकार

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मृत्यु ने अंबाला में उनके प्रशंसकों से मायूसी छाई दिखाई दी। अंबाला में कांग्रेस के उदय में मनमोहन सिंह ने प्रमुख भूमिका निभाई थी। अंबाला में मनमोहन सिंह आए थे और कांग्रेस की झोली में सभी सीटें भी उनके प्रभाव से मिली थी। ऐसे में उनके देहांत के समाचार पर कांग्रेसियों में भी शोक की लहर दिखी। अंबाला में कांग्रेस नेता व पूर्व प्रत्याशी परविंदर सिंह परी व नगर परिषद के पूर्व डिप्टी मेयर सुधीर जयसवाल ने ये जानकारी दी। बताया कि अंबाला में कांग्रेस को मजबूत करने का काम पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने किया था। वह वर्ष 2005 के विधानसभा चुनाव में अंबाला के गांधी मैदान में आए थे। 31 जनवरी को छावनी के गांधी मैदान में अंबाला जिला के सभी प्रत्याशियों के लिए जनसभा रखी गई थी। इस जनसभा के केंद्र में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ही थे। जनसभा में सभी कांग्रेस के प्रत्याशियों को भी बुलाया गया था। जिसमें अंबाला शहर के विनोद शर्मा, अंबाला कैंट देवेंन्द्र कुमार बंसल, नारायणगढ़ से राम किशन तो मुलाना से फूलचंद मुलाना शामिल रहे। यह सभी नेता मंच पर थे। मनमोहन सिंह मंच पर आए तो उनके लिए लोगों में एक अलग ही उत्साह था।

# आमजन और प्रशासन के बीच संवाद स्थापित करने में समाधान शिविर सहायक : एसडीएम

- जिला स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत ने सुनीं 09 शिकायतें
- समस्याओं के समाधान के लिए समाधान शिविर का फायदा उठाएं नागरिक
- जिला स्तर व उपमंडल तावडू, फिरोजपुर-झिरका व पुन्हाना में आयोजित हो रहे हैं समाधान शिविर



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** एसडीएम प्रदीप अहलावत ने समाधान शिविर की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला में विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में हर रोज सुबह 10.00 बजे से 12. 00 बजे तक समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य हर व्यक्ति को न्याय दिलाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों को गंभीरता से लें और पात्र व्यक्तियों को राहत देने में कोई कसर न छोड़ें। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में प्रत्येक कार्य दिवसों में समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत ने नागरिकों की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को तुरन्त समाधान के निर्देश दिए। शिविर में कई विभागों से संबंधित शिकायतें दर्ज हुई जिनमें से काफी समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया गया। एसडीएम प्रदीप अहलावत ने बताया कि नूंह जिला स्तर पर 09 व एक शिकायत उपमंडल फिरोजपुर झिरका में प्राप्त हुई है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जिला में 10 शिकायतें प्राप्त हुई जिनके निवारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। एसडीएम ने कहा कि जिला प्रशासन नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर जैसी पहले आमजन और प्रशासन के बीच मजबूत संवाद स्थापित करने में सहायक हैं। समाधान शिविर में भाग लेने वाले नागरिकों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना की और इसे जनहित में एक प्रभावी कदम बताया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। समाधान शिविर में ज्यादातर शिकायतें सामाजिक पेंशन, भूमि रिकॉर्ड, बिजली-पानी की आपूर्ति और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित रही।

## होटल मैनेजमेंट की छात्रा को एयरलाइंस में नौकरी के नाम पर 1.70 लाख रुपये ठगे, पुलिस ने किया केस दर्ज




मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद में जनस्वास्थ्य विभाग में तैनात कर्मचारी की बेटी को एयरलाइंस में नौकरी दिलवाने का झांसा देकर 1.70 लाख रुपये ठग लिए। अलग-अलग ट्रांजेक्शन के जरिए राशि ठगों ने बैंक खाते में डलवाई। कर्मचारी की बेटी ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया हुआ है। मामले को लेकर पब्लिक हेल्थ कर्मचारी गुरूनानकपुरा मोहल्ला निवासी सुरेंद्र सिंह ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू की है। मामले के मुताबिक पुलिस दी शिकायत में सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय में चतुर्थ श्रेणी के पद पर तैनात है। बेटी ने होटल मैनेजमेंट का कोर्स किया हुआ है। जिसके मोबाइल नंबर पर 4 नवंबर को फोन आया कि चयन विस्तारा एयरलाइंस में हो गया है। सिक्योरिटी राशि को लेकर 15 हजार रुपये देने होंगे। बेटी ने 15 हजार रुपये माधवराम नाम के बैंक खाता में डाल दिए। 6 नवंबर को 20550 रुपये इंश्योरेंस के नाम पर मांगे गए। जो कि बैंक खाते में डाल दिए। 8 नवंबर को मेल आई कि आधा इंश्योरेंस हुआ है 20 हजार रुपये डालने होंगे, जो कि बेटी ने बैंक खाते में डाल दिए। 12 नवंबर को केबिन अप्रूव्ल के नाम पर 5490 रुपये मांगे गए। बेटी ने बैंक खाते में डाल दिए। इसके बाद 19 नवंबर को 30 हजार रुपये और डाले गए। 20 नवंबर को 8110 रुपये और डलवाए गए। 22 नवंबर को पांच हजार रुपये और 790 रुपये डलवाए गए। 27 नवंबर को 22643 रुपये और 22645 रुपये और डलवाए गए। लेकिन बाद में पता चला कि उसे नौकरी के नाम पर ठगी की गई है।

## तीन घंटे सर्वर बंद, इंतकाल और जमाबंदी के लिए परेशान रहे लोग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** छावनी तहसील में सुबह से ही सर्वर बंद रहा जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पडा। बुधवार को क्रिसमस की छुट्टी होने के कारण वीरवार की सुबह से ही तहसील में लोगों की भीड़ लगी रही। इस दौरान लोगों को इंतकाल, जमांबदी, और फर्द से संबंधित काम करवाने के लिए लाइन में लग घंटों इंतजार करना पड़ा। वहीं रजिस्ट्री करवाने आए लोगों के मोबाइल पर ओटीपी नहीं आ रहे थे। जिसके कारण लोग दोपहर तक साइट के चलने का इंतजार करते रहे। इसके बाद दोपहर बाद साइट चली तब जाकर लोगों के काम शुरू हुए

डेढ़ घंटे से कर रहा इंतजार

करधान निवासी कप्तान सिंह ने बताया कि उसे फर्द निकलवानी है। इसके लिए वह सुबह ही तहसील में आ गया था। लेकिन यहां आने के बाद पता चला कि साइट बंद है, अब वह डेढ़ घंटे से साइट चलने का इंतजार कर रहा है।

## जिला नूंह में अधिक से अधिक खेल मैदान किए जाएं तैयार- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जिला विकास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वालीबाल मैदान सहित अन्य खेलों से संबंधित मैदान तैयार करवाए जाएं, ताकि जिला नूंह की युवा पीढ़ी को खेलों में आगे बढ़ने के अपार अवसर मिल सकें। आगामी दिनों में इस योजना पर मिशन मोड से कार्य शुरू हों। इन कार्यों को शुरू करने के लिए पंचायतों का भी सहयोग लिया जाए। उपायुक्त शुक्रवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हाल में आयोजित बैठक में जिला विकास योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विकास कार्यों को ईमानदारी व तत्परता के साथ पूरा करवाया जाए, ताकि जिला के लोगों को इन कार्यों का लाभ मिलना सुनिश्चित हो। इसके अलावा जिला विकास योजना के तहत नए संभावित कार्यों के प्रस्ताव भी तैयार किए जाएं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान जिला विकास योजना के तहत अब तक 138 कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जबकि 38 कार्य प्रगति पर हैं। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जो कार्य फिलहाल चल रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द पूरा करवाया जाए और जो कार्य किसी कारणवश शुरू नहीं हो पाए हैं, उन कार्यों को भी शुरू करवाकर जल्द पूरा किया जाए। जिला विकास योजना के तहत ऐसे कार्यो अधिक शामिल किए जाएं, जिसका जिला के लोगों को बड़े स्तर पर फायदा हो। जिले में विकास कार्यों की गति को बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में शामिल होना चाहिए। विकास कार्यों को पूरा करवाने के लिए सभी विभागों में समन्वय सुनिश्चित हो। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि जिला विकास योजना के कार्यों की समय-समय पर समीक्षा की जा रही है तथा जो कार्य किसी कारणवश शुरू नहीं हो पाए हैं, उन्हें जल्द शुरू करवाकर पूरा किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को इस योजना से संबंधित कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में जिला योजना अधिकारी दिवान सिंह, पंचायती राज के एक्सईएन योगेश शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# योजनाओं से संबंधित ऋण आवेदनों पर की जाए सकारात्मक कार्यवाही- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अग्रणी बैंक योजना के तहत जिला स्तरीय समीक्षा समिति की तिमाही बैठक लघु सचिवालय के सभागार में हुई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए विभिन्न बैंकों के माध्यम से दिए जाने वाले ऋण संबंधी व उनके लक्ष्य प्राप्ति के संबंध में की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी बैंक अपने टारगेट समय पर पूरें करें तथा ऋण संबंधी कार्यवाही को प्रमुखता देते हुए लाभपात्रों के ऋण जल्द मंजूर करें, ताकि लाभपात्र व्यक्ति को सरकार की योजनाओं का त्वरित लाभ मिल सके। इस कार्य में सभी बैंक अपनी प्रगति दिखाएं। उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना सहित अन्य योजनाओं के लाभपात्रों के ऋण संबंधी आवेदन जल्द मंजूर किए जाएं। आवेदनों में अगर किसी दस्तावेज की कमी है, तो बैंक आवेदन को रद्द न करके उसके दस्तावेज पूरे करवाएं तथा उसे ऋण देना सुनिश्चित करें। प्रधानमंत्री जन धन योजना, मुद्रा योजना और स्वरोजगार योजनाओं के तहत अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के लिए कार्य किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के उद्देश्य से कृषि, एआईएफके तहत आने वाले प्रोजेक्ट्ड्स, पीएम एफएमई योजना व एफपीओ को प्रमोट किया जाए। मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के तहत सभी बैंक प्राप्त आवेदन पर शीघ्र कार्यवाही करें तथा लाभपात्रों को लाभ देना सुनिश्चित करें। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक ने कहा कि सरकार द्वारा प्रायोजित योजनाएं जैसे हरियाणा अनुसूचित वित्त एवं विकास निगम, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन व स्टैंड अप इंडिया योजना आदि के तहत प्राप्त आवेदनों पर बैंक अधिकारी सकारात्मक कार्यवाही करते हुए लाभपात्रों को ऋण उपलब्ध करवाएं। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में वित्तीय जागरुकता फैलाने के लिए अभियान चलाएं, ताकि लोग सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठा सकें। बैंक अधिकारियों को अपनी सेवाओं को और अधिक सुगम और पारदर्शी बनाने के लिए हरसंभव कदम उठाने चाहिए। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सागर ने विभिन्न बैंकों द्वारा की जा रही कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस बैठक में एजीएम कैनरा बैंक थीमा नायक, नाबार्ड के डीएम मयंक सहित अन्य बैंक के मैनेजर भी उपस्थित रहे।

# सुपरवाइजरों की आईडी निष्क्रिय, आधार केंद्र बंद

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** जिले में अचानक से कई आधार कार्ड बनाने वाले सुपरवाइजरों की आधार आईडी निष्क्रिय कर दी गई हैं। जिस कारण आधार केंद्र अनिश्चित काल के लिए बंद हैं। इसके लिए ऑपरेटर ने आधार केंद्र पर नोटिस चस्पा कर दिया है। वहीं आधार केंद्रों पर पहुंचने वाले लोग परेशान हो रहे हैं। हैरानी की बात है कि ऑपरेटरों को पता भी नहीं है कि उनकी आईडी क्यों निष्क्रिय की गई है। आधार आईडी बंद होने से लोग आधार कार्ड नहीं बनवा पा रहे हैं। इस दौरान 21 दिन के बच्चे से लेकर आठ महीने के बच्चे का आधार कार्ड बनवाने के लिए आई महिलाओं को भी मायूस होना पड़ा।

इन केंद्रों पर आईडी हुई हैं बंद

अंबाला छावनी में नागरिक अस्पताल, एसडीएम कार्यालय, अंबाला शहर में एसडीएम कार्यालय, नागरिक अस्पताल, नगर निगम कार्यालय और बराड़ा में एसडीएम कार्यालय, नारायणगढ़ नागरिक अस्पताल में यूआईडीएआई द्वारा ऑपरेटरों की आधार आईडी बंद की गई हैं। जिसके कारण सोमवार को इन सेंटरों पर महिलाओं को नवजात बच्चों के नए आधार कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, अंगुली के निशान अपडेट, आधार में मोबाइल नंबर अपडेट, आधार में फोटो अपडेट संबंधी काम प्रभावित रहे हैं।

## सेक्टर 9 में 35 वर्ष से मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे लोग

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला सिटी।** करीब 1990 में बने सेक्टर-9 में 35 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं। सेक्टरवासी सुविधाओं के लिए प्रदर्शन भी कर चुके हैं लेकिन अब तक समाधान नहीं हुआ। बरसात के सेक्टर 9 का रास्ता भी दोनों तरफसे कट जाता है। बरसात के सीजन में भी लोगों के घरों में जलभराव हो गया। इसके बाद लोगों ने रोष जताया था लेकिन उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहीं कुछ दिन पहले हुई बैठक में उपायुक्त के समक्ष भी वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी समस्या रखी थी और सामुदायिक भवन को भी एसोसिएशन को सौंपने की मांग की थी।

सेक्टर में कॉलोनी जैसी भी सुविधाएं नहीं, कहने को अर्बन एस्टेट

सेक्टर-9 वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान प्रद्युमन सचदेवा ने बताया कि सेक्टर में बरसाती पानी की सबसे ज्यादा मार पड़ती है। निगम की ओर से अब मोटर अपग्रेड करने व पाइपलाइन डालने का कार्य चल रहा है। अगर यह कार्य सही तरीके से होता है तो सेक्टरवासियों को जलभराव से राहत मिल सकती है। सेक्टरवासियों को करीब 35 वर्ष बाद भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल पाई हैं, जबकि कहने को यह अर्बन एस्टेट हैं। सेक्टर में 2400 से ज्यादा घर हैं।

# स्वास्थ्य शिविर में 209 लोगों की हुई जांच




मेवात न्यूज एक्सप्रेस

**नूंह।** भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के तहत बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) द्वारा शुक्रवार को नूंह के बैंसी गांव स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। यह शिविर जिले में एनीमिया के खतरे से निपटने के लिए जारी प्रयासों के तहत आयोजित किया गया था। चूंकि नूंह में एनीमिया खासकर महिलाओं, बच्चों और किशोर लड़कियों में एक प्रमुख मुद्दा है, जिसे ध्यान में रखते हुए बैंसी गांव में यह स्वास्थ्य शिविर अयोजित किया गया। गौरतलब है कि संस्था के स्वास्थकर्मियो द्वारा लगातार बैंसी गांव के लोगों की उनके घर-घर जा कर नियामित खून की जांच की जा रही है और अनिमिया से ग्रसित लोगों को संस्था द्वारा उचित सलाह के साथ स्वस्थ्य वर्धित दवाइयाँ, साथ ही आयरन की मात्रा बढ़ाने के लिए लोहे की कढ़ाही दी जा रही है ताकि उसका इस्तेमाल खाना बनाने में किया जा सके। इसी क्रम में शुक्रवार को गांव में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में डॉक्टरों और तकनीशियनों की एक टीम ने 209 लोगों की विभिन्न जांचें कीं। ग्रामीण समुदाय के बीच एनीमिया की जांच और रोकथाम पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस दौरान सामान्य स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ लाभार्थियों के बीच मुफ्त दवाएं, पोषण किट, लोहे की कढ़ाही और प्रतिरक्षा-बूस्टर पैक वितरित किए गए। इस शिविर में जिला स्वास्थ्य प्रशासन का प्रतिनिधित्व सीएचसी नूंह के चिकित्साधिकारी डॉ मुबारिक ने किया। शिविर में गतिविधियों का समन्वय बीएसजीएसएस द्वारा किया गया, जिसमे जे.एन.राय, निदेशक परियोजना (बीएसजीएसएस) और स्थानीय जन आरोग्यम टीम के चिकित्सा दल के सदस्य शामिल थे।

# बीजेपी कार्यालय पर संगठन की कार्यशाला आयोजित हुई



मेवात न्यूज एक्सप्रेस

**नूंह।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर शुक्रवार को संगठन की एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर धूमन सिंह किरमिच जिला चुनाव अधिकारी नूंह ने संगठन की बारीकियां को बताया और कहा कि आने वाले समय में भारतीय जनता पार्टी का संगठन पर्व मनाया जा रहा है। जिसमें सभी जिला पदाधिकारी तय किए जाने हैं। उन्होंने बताया कि 30 दिसंबर को पूरे जिले में मंडल सत्र पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें जिला के सक्रिय सदस्यों के साथ मिलकर के बूथ कमेटिया गठित की जाएगी। बूथ कमेटियों से मिलकर के ही मंडलों के अध्यक्षों के चुनाव जल्द ही तय किए जाएंगे। संगठन में बदलाव जिला स्तर से लेकर के बूथ तक किया जाएगा। उन्होंने जिला से लेकर के बूथ स्तर तक सभी चुनाव के अधिकारी तय किये। जिला नूंह में जल्द ही संगठन के चुनाव तय कर लिए जाएंगे। इस कार्यशाला की अध्यक्षता नरेंद्र पटेल जिला अध्यक्ष ने की। कार्यशाला में उपस्थित रहे मुख्य तौर पर भानीराम मंगल, नसीम अहमद प्रदेश सचिव भारतीय जनता पार्टी, जिला महामन्त्री श्रीपाल शर्मा, जाहिद हुसैन, अध्यक्ष जान मोहम्मद जिला परिषद, योगेश, शिवकुमार आर्य, रमेश अध्यक्ष किसान मोर्चा, दलबीर सिंह उपाध्यक्ष, हेमराज शर्मा मंडल अध्यक्ष, जसवंत गोयल, राजकुमार गर्ग आदि मौजूद रहे।

## रोडवेज को 60 नई बसें तो रेलवे को मिलीं चार वंदे भारत ट्रेनें

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**अंबाला।** वर्ष 2024 परिवहन की दृष्टि से काफी अच्छा रहा। हरियाणा रोडवेज अंबाला डिपो के बेड़े में इस वर्ष 60 नई बसें शामिल हुई जोकि आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं और इसमें सफर करना भी पहले के मुकाबले काफी आरामदायक है। ये लंबे मार्गो पर चल रही हैं। वहीं रेलवे ने भी चार नई वंदे भारत ट्रेनों की सौगात दी है जोकि अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर रुकती हैं। इसमें हजारों यात्री सुबह, दोपहर और शाम को सफर करते हैं। इसके अलावा अमृतसर से लालकुआं के बीच नई ट्रेन की सौगात भी यात्रियों को मिली है। मार्च माह में तत्कालीन परिवहन मंत्री असीम गोयल ने नारायणगढ़ बस स्टैंड का निरीक्षण किया था। इसके नवनिर्माण की रूपरेखा तैयार हो चुकी है। पीडब्ल्यूडी ने बस अड्डे के निर्माण की अनुमानित लागत तैयार करके मुख्यालय भेजी थी। इसे अनुमति मिल गई है और जल्द ही 10 करोड़ 52 लाख रुपये से इसका काम भी शुरु हो जाएगा।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर हरियाणा सरकार ने भी सात दिवसीय राजकीय शोक किया घोषित



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर हरियाणा सरकार ने भी सात दिन 26 दिसंबर, 2024 से 01 जनवरी, 2025 तक राजकीय शोक घोषित किया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी अधिसूचना अनुसार सात दिवसीय राजकीय शोक की अवधि के दौरान पूरे हरियाणा राज्य में सभी भवनों पर, जहां राष्ट्रीय ध्वज नियमित रूप से फहराया जाता है, वहां राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा। इस अवधि के दौरान राज्य सरकार के सभी समारोह रद्द रहेंगे और कोई सरकारी मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित नहीं होगा।

## हिसार में निगम चुनाव की तैयारी: ईवीएम की जांच शुरू, कार्यालय में रखी गई 1500 मशीनें



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**हिसार।** हिसार में नगर निगम चुनाव को लेकर सक्रियता शुरू हो गई है। निगम निगम चुनाव को लेकर निगम कार्यालय में रखी गई ईवीएम को जांचने के लिए टीम नगर निगम कार्यालय पहुंची। इस टीम में 10 कर्मचारी शामिल हैं। ये कर्मचारी सभी 1500 ईवीएम की जांच करेंगे कि कहीं किसी में कोई तकनीकी खराबी तो नहीं है। अगर किसी मशीन में खराबी है तो उसे ठीक किया जाएगा। साथ ही इन मशीनों में फीड पुराने डाटा को भी डिलीट करेंगे। यह काम 8 दिन तक चलेगा। इन मशीनों की जांच करने के बाद फिर से स्ट्रॉन्ग रूम को सील कर दिया जाएगा। ये मशीन ईसीआईएल कंपनी की है। इन मशीनों की जांच करने के लिए कर्मचारी हैदराबाद से आए हैं। कर्मचारियों की माने तो वह एक-एक मशीन का पुराना डाटा डिलीट कर रहे हैं। साथ ही मशीन की अच्छी तरह से जांच कर रहे हैं। मशीन जचने के लिए वह प्रत्येक बटन को पांच बार दबाते है और फिर उससे वोट डालकर देखे हैं। अगर वोट डाल जाता है तो इसका मतलब यह है कि वह बटन सही है। इस तरह से वह मशीन के सभी 16 बट्नों की जांच कर रहे हैं।

# साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की तत्काल सूचना देने के लिए डायल करें 1930 - डीसी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** डीसी अजय कुमार ने सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। डीसी ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं। उन्होंने कहा कि अगर संभव है तो कोशिश करें कि ऑनलाइन साइट्स से सामान मंगवाते समय कैश ऑन डिलीवरी का ऑप्शन चुने ताकि आपकी बैंक और कार्ड डिटेल साइबर अपराधियों के हाथ न लग सके। डीसी ने कहा कि यदि फिर भी किन्ही कारणों से आपके साथ किसी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी होती है तो आप सबसे पहले हेल्पनाइन नंबर 1930 डायल करें और अपनी शिकायत को साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज करें। डीसी ने जिला के युवाओं से अपील की है कि वे साइबर अपराधों से सावधान रहें और अपने परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करें। उन्होंने कहा कि पहले साइबर फ्रॉड की सूचना के लिए 155260 हेल्पलाइन की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन अब केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा उपरोक्त नंबर की जगह 1930 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। डीसी ने बताया कि साइबर धोखाधड़ी जैसे अपराध की रिपोर्ट करने के लिए पुलिस स्टेशन जाकर पारंपरिक तरीके से एफआईआर करवाना व उसकी जांच होना एक लंबी प्रक्रिया है। ऐसे में तुरंत कार्रवाई के लिए हेल्पलाइन का विकल्प सबसे सर्वोत्तम माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों की जितनी जल्दी सूचना दी जाए, उतना ही बढ़िया ताकि आगे की ट्रांजेक्शन को रोकने के लिए पीड़ित को त्वरित सहायता प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि पीड़ित व्यक्ति साइबर क्राइम की वेबसाइट पर भी अपनी शिकायत दर्ज करा सकता है।

# कम रोशनी में ही उपचार करवा रहे मरीज

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**अंबाला सिटी।** अंबाला सिटी के नागरिक अस्पताल में ओपीडी और चिकित्सकों के कमरों में भी रोशनी कम रहती है। इससे मरीजों की आंखों पर असर पड़ रहा है। ओपीडी में सिर्फपुराने समय की टयूब वाली लाइटें लगी हुई हैं। इन लाइटों से प्रर्याप्त मात्रा में रोशनी नहीं मिल पाती है।इसका सबसे अधिक असर नेत्र रोगियों पर होता है। कम रोशनी के क्षेत्र से जब मरीज बाहर जाते हैं तो मरीजों को तेज रोशनी के कारण परेशानी होती है। मंगलवार को अस्पताल में निरीक्षण करने आई कायाकल्प की टीम ने भी सुझाव दिए थे और अस्पताल में पर्याप्त रोशनी बढ़ाने के निर्देश दिए थे। नियमों के अनुसार अस्पताल में रोशनी के लिए एलईडी का प्रावधान होता है। जिससे मरीजों को सही तरीके से दिखाई दे सके। जबकि अस्पताल में अभी भी टयूब लाइटें लगी हुई हैं। ओपीडी कक्ष में कई स्थान ऐसे हैं जहां पर पूरी रोशनी नहीं पहुंच पाती है। एलईडी पैनल लगवाने के लिए अस्पताल में प्रर्याप्त इंतजाम नहीं है।अब विभाग को अपने स्तर पर इसका इंतजाम करना होगा।

# छावनी के सुभाष पार्क में बने स्केटिंग रिंग में ही प्रशिक्षण लेने को मजबूर खिलाड़ी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**अंबाला।** खेल विभाग के पास स्केटिंग को बढ़ावा देने के लिए एक भी स्केटिंग रिंग नहीं है। यहीं कारण है कि खिलाड़ियों को मजबूरन छावनी के सुभाष पार्क व माल रोड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के पास सड़क का सहारा लेना पड़ रहा है। छावनी के वारहीरोज मेमोरियल स्टेडियम में पहले जो स्केटिंग रिंग था वो तोड़ दिया गया। उसकी जगह फुटबॉल मैदान में आने वाले दर्शकों के लिए बैठने की जगह बना दी गई है। जबकि निर्माणाधीन स्टेडियम में इसके लिए कोई जगह नहीं रखी गई है। यही कारण है कि खेल विभाग के मैदान और न ही कोई कोच है। स्केटिंग के लिए खिलाड़ियों को निजी सेंटरों पर ही निर्भर रहना पड़ता है। जबकि पहले खेल विभाग के स्केटिंग रिंग का अंबाला के खिलाड़ियों का काफी लाभ मिलता था। इसी रिंग में कई राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताएं भी करवाई जाती थी। कई बार इसको लेकर मांग भी उठाई गई है बावजूद अभी तक स्केटिंग रिंग को लेकर खेल विभाग की तरफसे कोई योजना नहीं बनाई गई है।

**पार्क में सामान्य बच्चे बन रहे खिलाड़ियों के लिए परेशानी**

उधर, छावनी के सुभाष पार्क में कई सालों से स्केटिंग रिंग बना हुआ है। पार्क में निर्माण कार्य के दौरान इस रिंग को ओर भी बेहतर बना दिया गया था जो सभी के लिए खुला है। हालांकि इसमें निजी कोच भी अपने खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं।

# महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए दिया जा रहा 3 लाख रुपए तक का ऋण - एडीसी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा सरकार द्वारा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है। योजना के तहत महिला विकास निगम के माध्यम से राज्य की विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को बैंकों के माध्यम से अपना स्वयं का व्यवसाय करने के लिए 3 लाख रुपए तक का ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि योजना के तहत बैंक ऋण के ऊपर लगे ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा अनुदान के रूप में अदा करके की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रूपए व अवधि 3 वर्ष जो भी पहले होगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच हो। महिला की वार्षिक आमदनी 3 लाख रूपए से ज्यादा ना हो और महिला हरियाणा की स्थायी निवासी हो। योजना में मसाला यूनिट, डोना बनाना, रेडीमेड गारमेंट्स, ब्यूटी पार्लर, ऑटो रिक्शा इत्यादि शामिल है। इच्छुक महिलाएं आवेदन करने के लिए व फार्म प्राप्त करने के लिए हरियाणा महिला विकास निगम कार्यालय मकान नम्बर 62-63 संजय कॉलोनी में संपर्क कर सकती हैं।

# विकास का नया खाका तैयार करेंगे सरपंच सुनील जागलान, इन राज्यों में शुरू हुआ अभियान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**हरियाणा।** हरियाणा के जींद जिले के हाईटेक सरपंच और ग्राम एसोसिएशन ऑफभारत के अध्यक्ष सुनील जागलान ने पंचायतों में एआई तकनीक को लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सुनील जागलान, जो खुद कंप्यूटर साइंस स्नातक हैं, ने देशभर में एआई फ्रेंडली पंचायत अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान ग्रामीण विकास की योजनाओं को स्मार्ट और प्रभावी बनाने के साथ-साथ साइबर सुरक्षा और जागरूकता में अहम भूमिका निभाएगा।

**गांवों में एआई का सकारात्मक उपयोग**

सुनील जागलान ने कहा, एआई का युग आ चुका है और हमें इसे सकारात्मक तरीके से अपनाना होगा। आज भी भारत की 65 प्रतिशत आबादी गांवों में रहती है, और सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल 2030 को हासिल करने में एआई महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। ग्राम पंचायतें अपने कार्यों जैसे कि दस्तावेजीकरण, कार्यवाही लिखने, योजनाओं का डिजिटल प्रबंधन और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) के तहत संसाधन प्राप्त करने में एआई का उपयोग कर सकती हैं।

**राज्यों में शुरू हुआ अभियान**

जागलान ने बताया कि हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, और उत्तर प्रदेश की कई पंचायतों में एआई फ्रेंडली ग्राम पंचायत बनाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एआई के जरिए सरपंच गांवों के विकास के लिए व्यवस्थित और पारदर्शी योजनाएं तैयार कर सकेंगे।

# समाधान शिविरों में दर्ज समस्याओं की प्रगति पर सरकार कर रही समीक्षा

- समाधान शिविर में एडीसी हितेश कुमार मीणा ने सुनी शिकायतें

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में जनसेवा को समर्पित हो कार्य किये जा रहे हैं। गुरुग्राम में डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित समाधान शिविर की श्रृंखला में शुक्रवार को एडीसी हितेश कुमार मीणा ने लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर के दौरान नागरिकों की शिकायतें सुनी। एडीसी ने समाधान शिविर में आई शिकायत का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए गए। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविरों में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए यथाशीघ्र निपटारा सुनिश्चित करें। इनमें प्रमुख तौर पर प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन,




बिजली-सिंचाई-सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए समाधान शिविर में संपर्क किया जा सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय एवं मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरंतर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान शिविरों की निगरानी की जा रही है। एडीसी हितेश कुमार मीणा ने बताया कि प्रत्येक कार्य दिवस पर जिला मुख्यालय के साथ-साथ नगर निगम कार्यालय एवं उपमंडल मुख्यालय पर सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे है। इस अवसर पर संबंधित विभागों के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के संगठन में सशक्त और समर्पित कार्यकर्ताओं को मिलेगा पद: कमल यादव

- संगठन चुनावों को लेकर भाजपा कार्यालय गुरुकमल में हुई कार्यशाला
- 382 बूथों पर 30 दिसंबर तक और 26 मंडलों में 5 जनवरी तक संपन्न हो जाएंगे संगठन के चुनाव : नरेंद्र गुप्ता

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** संगठन चुनावों को लेकर शुक्रवार को गुरुग्राम जिला भाजपा की कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में बूथ के चुनावों की प्रक्रिया से मंडल सहयोगियों को अवगत कराया गया। चुनाव अधिकारी पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता और और चुनाव सह अधिकारी राहुल राणा ने बताया कि गुरुग्राम जिला के 26 मंडलों में मंडल सहयोगियों की नियुक्ति हो गई है और ये सभी सहयोगी जिला के 382 बूथों पर चुनाव कराएंगे। कार्यशाला में पहुंचने पर जिला अध्यक्ष कमल यादव ने चुनाव अधिकारी नरेंद्र गुप्ता और चुनाव सह अधिकारी राहुल राणा का स्वागत किया। जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कार्यशाला में जिला के सभी 382 बूथों पर पार्टी की विचारधारा से सदस्यों को सर्वसम्मति से जोड़ने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि सशक्त और समर्पित कार्यकर्ताओं को ही पद मिलेगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने कार्यशाला के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कमल यादव ने कहा कि पूर्व विधायक एवं संगठन चुनाव अधिकारी वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक नरेंद्र गुप्ता और युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा को संगठन के चुनाव की दृष्टि से अहम जिम्मेदारी दी गई है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि संगठन के




चुनाव के दौरान बिना पक्षपात और भय के अच्छे व्यक्ति का चुनाव करने में चुनाव अधिकारियों का सहयोग करें। जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि जिला अध्यक्ष ने यह भी कहा कि संगठन के चुनाव ऐसे समय में हो रहे हैं जब नगर निगम के चुनाव भी नजदीक है, जिसका हमें बहुत बड़ा फायदा पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली के भी निर्देश हैं कि संगठन चुनाव जल्द से जल्द होने चाहिए। जिला अध्यक्ष ने विश्वास जताते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ता चुनाव अधिकारियों का सहयोग करेंगे और एक अच्छी टीम के चयन में सहयोगी बनेंगे। जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि कार्यशाला में संगठन चुनाव के अधिकारी नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब से गुरुग्राम जिला के मंडलों और बूथों का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पहले गुरुग्राम में 15 मंडल थे जिन्हें बढ़ाकर 26 कर दिया है और बूथ भी 306 से बढ़ाकर 382 हो गए हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि सभी बूथों पर तीन-तीन सक्रिय सदस्य बनाने और महिलाओं की संख्याओं का भी विशेष ध्यान रखा जाना है। जिला मीडिया प्रभारी पवन यादव ने बताया कि कार्यशाला में नरेंद्र गुप्ता और राहुल राणा ने कहा कि सभी बूथों पर 30 दिसंबर और मंडलों में 5 जनवरी तक चुनाव संपन्न करा दिए जाएंगे। दोनों नेताओं ने कार्यकर्ताओं की मेहनत को सराहते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं ने हरियाणा में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और अब नगर निगम चुनाव में भी कार्यकर्ता हर वार्ड में कमल खिलाएंगे। कार्यशाला में महिला सशक्तिकरण और सर्वसमावेशी संगठन की दिशा में महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा भी की गई।कार्यशाला में मुख्य रूप से सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, प्रदेश सचिव गार्गी कक्कड़, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी, जिला महामंत्री रामबीर भाटी, जिला महामंत्री सर्वप्रिय त्यागी, हरविंद कोहली,महेश यादव,मनीष गाडोली आदि मौजूद रहे।

# डॉ. मनमोहन ने हिसार को दी थी खेदड़ थर्मल प्लांट की सौगात, आज प्रदेश के बड़े हिस्से को कर रहा रोशन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**हिसार।** स्वर्गीय डॉ. मनमोहन सिंह अपने प्रधानमंत्री पद के कार्यकाल में वर्ष 2007 में हिसार को बिजली उत्पादन की सबसे बड़ी सौगात दी थी। तात्कालिन पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने हिसार के गांव खेदड़ स्थित थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास किया था। 600-600 मेगावाट की दो यूनिट वाला यह थर्मल आज प्रदेश के बड़े हिस्से को रोशन कर रहा है। प्रो. छत्तरपाल सिंह ने अपने संस्मरण सुनाते हुए बताया कि जब हमने खेदड़ थर्मल पावर प्लांट की आधारशिला के लिए उनसे समय मांगा तो उन्होंने तुरंत हां कर दी थी। जब भी मुझे मिलते थे तो कहते कि आप हरियाणा की उम्मीद हो। उनके परिवार से जुड़े एक व्यक्ति का एक्सीडेंट होकर एम्स में भर्ती था। उसने कहा कि जब खेदड़ थर्मल में




डॉ. मनमोहन सिंह आएं तो आप बताना कि मैं एम्स में भर्ती हूं। खेदड़ थर्मल का कार्यक्रम होने के बाद जब मैं उनके साथ हेलिकॉप्टर में बैठा तो मैंने डॉ. मनमोहन सिंह को पूरा घटनाक्रम बताया। तब डॉ. मनमोहन सिंह ने कहा कि अब आप मेरी ओर से उनसे जाकर मिलो और बताना कि मैंने याद किया है। जल्द ही समय निकाल कर उनसे मिलने भी प्रयास करूंगा। सरदार मनमोहन सिंह ने कहते थे आपका सामाजिक व शिक्षा का दायरा काफी बेहतरीन है। एक बार में सेंट्रल हॉल में बैठा था। तब सुरक्षा लाइन तोड़कर मेरे पास आए थे। हरियाणा के कई मुद्दों पर चर्चा की थी। फिर बोले आपको आर्टिकल लिखने चाहिए। मैं जब जब भी उनसे मिलने गया हमेशा उनकी टेबल पर किताबें मिलीं। वह भी पठन पाठन में काफी रुचि रखते थे तो मेरी उनके साथ अच्छे विचार मिलते थे।

# हरियाणा में भी सर्दी की छुट्टियों का एलान, राज्य में एक से 15 जनवरी तक बंद रहेंगे विद्यालय

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**हरियाणा।** हरियाणा शिक्षा विभाग भी स्कूलों में सर्दियों की छुट्टियों की घोषणा कर दी है। निदेशालय ने स्पष्ट रूप से 1 जनवरी से 15 जनवरी 2025 तक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा की है। इसकी जानकारी सरकार ने सोशल मीडिया के माध्यम से दी। स्कूल 16 जनवरी 2025 से शारीरिक कक्षाओं के लिए फिर से खुलेंगे। जनसंपर्क विभाग ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हरियाणा शिक्षा विभाग ने आदेश जारी किए हैं कि राज्य के सभी स्कूलों में 1 जनवरी से 15 जनवरी तक शीतकालीन अवकाश रहेगा। स्कूल 16 जनवरी, 2025 को फिर से खुलेंगे।

स्कूल का समय

नवंबर में स्कूल शिक्षा विभाग ने 2024-25 शैक्षणिक सत्र से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के लिए सिंगल-शिफ्ट और डबल-शिफ्ट दोनों स्कूलों के लिए स्कूल के समय में संशोधन किया था।

स्कूल के समय में किए गए बदलाव के अनुसार, सिंगल-शिफ्ट स्कूल सर्दियों में सुबह 9:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे तक चलेंगे। डबल-शिफ्ट स्कूलों के मामले में, पहली शिफ्ट सुबह 7:55 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 12:40 बजे से शाम 5:15 बजे तक चलेगी।

इन राज्यों में हुई छुट्टियों की घोषणा

हाल ही में राजस्थान सरकार ने 25 दिसंबर से स्कूलों में शीतकालीन अवकाश की घोषणा की है। दिल्ली और जम्मू-कश्मीर सरकार ने भी शीतकालीन अवकाश के लिए स्कूल बंद करने का फैसला किया है। जम्मू-कश्मीर के स्कूल 28 फरवरी, 2025 तक बंद रहेंगे, जबकि राष्ट्रीय राजधानी के स्कूल 1 से 15 जनवरी तक बंद रहेंगे।

# किसानों के साथ धोखाधड़ी का आरोपी आढ़ती 3 साल बाद गिरफ्तार, बचने के लिए गुजरात में जाकर बना ट्रक चालक

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**पानीपत।** किसानों व अन्य लोगों के साथ करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोपी आढ़ती तीन साल बाद पुलिस के हाथ लगा है। आरोपी इस दौरान गुजरात में रहा। उसने यहां ट्रक चलाया। वह तीन साल बाद यूपी के रास्ते अपने परिवार से मिलने घर आ रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर चार दिन के रिमांड पर लिया। अब आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। आरोपी आढ़ती 2021 में फरार हो गया था। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी का मुकदमा भी दर्ज कराया था। वहीं आढ़ती के खिलाफएक किसान की शिकायत पर अप्रैल 2022 में सेक्टर-29 थाना पुलिस ने धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया था। सीआईए-वन प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सेक्टर-29 थाना पुलिस ने भादौड़ गांव निवासी किसान अमरजीत की शिकायत पर 29 अप्रैल 2022 को कर्मबीर निवासी सिवाह के खिलाफधोखाधड़ी की धारा में एक मुकदमा दर्ज किया था। अमरजीत ने शिकायत में बताया था कि पानीपत अनाज मंडी में आढ़ती कर्मबीर के पास फसल बेचता था। वह उसकी फसल का जे -फार्म व अन्य



पर्ची देकर हिसाब रखता था। उसके बार-बार मांगने के बाद भी उसके पैसे नहीं दिए। इसके बाद मामला खुला तो और भी किसानों ने आगे आकर उसके खिलाफ शिकायत दी। पुलिस ने सभी किसानों की शिकायत इसमें शामिल कर ली थी। सीआईए-वन ने सनौली क्षेत्र से आरोपी कुलदीप को गिरफ्तार किया। उसको कोर्ट में पेश कर चार दिन के रिमांड पर लिया। पुलिस ने आरोपी से रिमांड के दौरान कई तथ्यों की जानकारी मिली। कर्मबीर के बही खातों के साथ चार्टर्ड अकाउंटेंट की रिपोर्ट को भी देखा। आरोपी को चार दिन की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

**पैसों की अदला-बदली करता था कर्मबीर**

आरोपी कर्मबीर ने बताया कि वह मैसर्ज हलवंत का संचालक है। यहां किसानों की फसल का कमीशन एजेंट के रूप में काम करता है। उसके पास कई राइस मिल किसानों की धान खरीद करते थे। उन्होंने किसानों की पेमेंट नहीं दी। उन्होंने अपने स्तर पर पैसों की व्यवस्था कर किसानों को कुछ पैसे दिए थे। उसके लाखों रुपये वापस नहीं मिले। उन्होंने किसानों को पैसे देने के लिए इधर-उधर से उधार में पैसे लेने शुरू किया। पुलिस जांच में 13 किसानों के 42 लाख व 36 लोगों के 4.57 करोड़ रुपये देने पाए गए हैं। वहीं सीए के अनुसार किसानों की 45 लाख रुपये की देनदारी है। 17 किसानों से 58 लाख रुपये लेने हैं। 1.72 करोड़ रुपये अन्य की देनदारी पाई गई है। सात राइस मिलों से 32 लाख रुपये की लेनदारी है।

# बरसात से तापमान में गिरावट, हिसार सहित कई जिलों में बारिश के साथ भारी ओलावृष्टि; आगे ऐसा रहेगा मौसम

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**हरियाणा।** हरियाणा में शुक्रवार सुबह मौसम बदल गया। 22 दिसंबर की रात सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के बाद शुक्रवार अल सुबह से रुक रुक कर बारिश होती रही। प्रदेश के पूर्वी जिलों सहित एनसीआर एरिया में बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञ की मानें तो शनिवार को भी इस विक्षोभ के प्रभाव से दक्षिणी जिलों में बारिश की गतिविधियां होंगी। मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से पिछले 24 घंटों में हल्की बारिश की गतिविधियों को दर्ज किया गया। इसके असर से दूसरे दिन भी कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज की गई।

आगे ऐसा रहेगा मौसम

डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि यह विक्षोभ रविवार को हरियाणा से आगे निकल जाएगा। इसके बाद एक बार फिर से बर्फीली हवाएं चलने से से दिन व रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी।आने वाले दो तीन दिनों तक एक बार फिर से कुछ स्थानों पर शीतलहर की स्थिति और सुबह के समय कोहरा देखने को मिलेगा।

नारनौल में बादलों की गर्जना के साथ बारिश शुरू

महेंद्रगढ़ जिले में रात को तेज हवा चलने के बाद बारिश का दौर शुरू हुआ, जो सुबह तक जारी रहा। मौसम विभाग ने 28 दिसंबर तक बारिश होने की संभावना जताई है। रात भर हल्की से मध्यम बारिश होने पर किसानों के चेहरे खिल गए हैं। इस मौसम प्रणाली का असर 27 को ज्यादातर हिस्सों पर देखने को मिलेगा, जबकि 28 को इस मौसम प्रणाली का उत्तरी और पूर्वी हिस्सों पर देखने को मिलेगा। इस दौरान बादलों की आवाजाही और दिन के तापमान में गिरावट कोल्ड डे की स्थिति देखने को मिलेगी। 29 से सम्पूर्ण इलाके में ठंड के ट्रिपल अटैक कोल्ड डे कोल्ड वेब और कोहरा अपने तेवरों को दिखाएगा। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में पहले उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में चंडीगढ़, अंबाला, पंचकूला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, करनाल, कैथल रोहतक चरखी ददरी झज्जर, रोहतक, महेंद्रगढ़, रेवाड़ी, पलवल, नूंह, गुड़गांव, फरीदाबाद, सोनीपत और पानीपत सहित दिल्ली एनसीआर 50 से 75 प्रतिशत क्षेत्र में तेज गति से हवाएं चलने और कहीं-कहीं बूंदाबांदी कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश की संभावना रहेगी। एक दो स्थानों पर ओलावृष्टि की गतिविधियों को नकारा नहीं जा सकता। जबकि सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, भिवानी, जींद 25 से 50 प्रतिशत हिस्सों में कहीं-कहीं बूंदाबांदी कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना रहेगी।

अल सुबह से झज्जर में हो रही बारिश

झज्जर व आसपास के क्षेत्र में अल सुबह से रुक-रुककर बारिश हो रही हैं। बारिश होने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। यह बारिश किसानों की फसलों के लिए बढ़िया बताई जा रही हैं। बारिश के चलते शहर के मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। सुबह-सुबह बारिश के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों को परेशानी हुई। बारिश के चलते अधिकतर बच्चों ने छुट्टी भी कर ली और कुछ बारिश में छाता लेकर जाते नज़र आए। बारिश के चलते अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम 13 डिग्री दर्ज किया गया।

सिरसा में बारिश के साथ एक से दो मिनट गिरे ओले

सिरसा में सुबह से रूक रूककर बारिश हो रही है। दोपहर 2 बजे हुए बारिश में एक से दो मिनट तक कुछ एरिया में ओले भी पड़े है। बारिश औरओले के बाद मौसम में ठंडक बढ़ गई है। वहीं, बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित हुआ है। शहर के कई जहां पर जलभराव देखने को मिला है। बाजारों में बारिश में भी पुलिस कर्मी ट्रैफिक व्यवस्था बनाते हुए नजर आए। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार बारिश गेहूं व अन्य फसलों के लिए लाभदायक है।



झज्जर में दिनभर गरज के साथ झमाझम हुई बारिश

झज्जर में शुक्रवार अल सुबह से शुरू हुई बारिश देर शाम तक रुक-रुककर जारी रही। पूरा दिन गरज के साथ झमाझम बारिश होती रही। पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से शुक्रवार अल सुबह ही बूंदाबांदी शुरू हो गई थी। दिन निकलने के साथ ही गरज के साथ तेज बारिश पूरा दिन होती रही। इससे जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ। बारिश के चलते लोग जरूरी कार्य होन पर ही घर से निकले। सुबह से बारिश होने के चलते विद्यार्थियों को स्कूल जाने और फिर वापस आने में परेशानी हुई, क्योंकि मुख्य मार्गों पर पानी भरा हुआ था। शुक्रवार को बारिश गेहूं, सरसों सहित अन्य फसलों के लिए लाभकारी मानी जा रही है। बारिश के चलते अधिकतम तापमान 18 और न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग की माने तो 28 दिसंबर को भी इस मौसम प्रणाली का उत्तरी और पूर्वी हिस्सों पर असर देखने को मिलेगा। इस दौरान बादलों की आवाजाही और दिन के तापमान में गिरावट कोल्ड डे की स्थिति देखने को मिलेगी। 29 दिसंबर से इलाके में ठंड के ट्रिपल अटैक कोल्ड डे कोल्ड वेब और कोहरा अपने तेवरों को दिखाएगा।

शहर के मुख्य मार्गों पर भरा पानी

बारिश की वजह से शहर के मुख्य मार्गों पर पानी भर गया। शहर के बीकानेर चौक स्कूल के पास, हरिपुरा मोहल्ला, दमदमा मोहल्ला, बर्फखाना रोड, कोसली रोड, पुराना तहसील रोड, आर्य नगर, आंबेडकर चौक, नेताजी सुभाष चौक, सिलानी गेट, चौपटा बाजार, पुराना बस अड्डा रोड, छिकारा चौक से भगत सिंह चौक, धौड़ चौक, बैंक रोड पर बारिश का पानी जमा हो गया। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ा।

सोनीपत में हल्की बारिश से शहर में हुआ जलभराव

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शुक्रवार को सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के चलते जिलेभर में हुई हल्की बारिश से जलभराव हो गया। दिनभर थम-थमकर बारिश का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार शनिवार को भी बारिश आने की संभावना है। जगह-जगह पानी भरने से लोगों को परेशानी हुई। पिश्चमी विक्षोभ सक्रिय होने से फिर से बारिश शुरू हो गई। शुक्रवार तडके पांच बजे से रुक-रुककर बारिश हो रही है। सोनीपत शहर में हुई हल्की बारिश के बाद कई क्षेत्रों में पानी भर गया। मामा भांजा चौक, रोहतक रोड, बहालगढ़ रोड, फाजिलपुर, सेक्टर-14 व 15, गीता भवन चौक, शनि मंदिर रोड, अग्रसेन चौक, सुभाष स्टेडियम के सामने, सूरी पेट्रोल पंप वाली गली के सामने समेत कई स्थानों पर जलभराव से आने-जाने वाले लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सोनीपत बस अड्डे परिसर में भी बस यात्रियों को पानी व कीचड़ की वजह से परेशानी झेलनी पड़ी। न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 10.1 डिग्री दर्ज किया, एक दिन पहले न्यूनतम तापमान 4.7 डिग्री दर्ज किया जा रहा था। दो दिन तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा।

रबी सीजन की फसलों को फायदा

सोनीपत जिले में शीतकालीन बारिश से रबी सीजन की फसलों की बढ़वार पर भी असर पड़ेगा। किसानों को पाले से फसलों को बचाने के लिए सिंचाई नहीं करनी पड़ेगी। गेहूं के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की सब्जियों की बढ़वार भी बेहतर होगी। सोनीपत जिले में लगभग 1 लाख 45 हजार हैक्टेयर भूमि में गेहूं की बिजाई की गई है। मौसम विभाग के अनुमानों के अनुसार 28 दिसंबर को भी बारिश जारी रहेगी।

कैथल के सीवन क्षेत्र में पड़े ओले, बढ़ी ठंडक

कैथल में सुबह से रुक-रुक बारिश जारी है। यह शाम साढ़े तीन बजे तक भी नहीं थमी है। बारिश के बाद से ही ठिठुरन बढ़ी है। इसी कड़ी में दोपहर के समय सीवन क्षेत्र में कस्बा सीवन और खानपुर गांव में करीब दो मिनट तक ओल पड़े। ओले बढ़ने के बाद ठंडक और अधिक बढ़ गई। बता दें कि मौसम विभाग ने शुक्रवार को तेज बारिश का अलर्ट जारी किया था। इसके तहत सुबह से ही रुक-रुक बारिश जारी है। शुक्रवार अधिकतम और न्यूनतम तापमान भी कम हुआ है। इस दौरान अधिकतम तापमान 18.3 डिग्री और न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

# General Motors Plans to Replace Apple CarPlay, Android Auto With Google




General Motors plans to phase out widely-used Apple CarPlay and Android Auto technologies that allow drivers to bypass a vehicle's infotainment systems, shifting instead to built-in infotainment systems developed with Google for future electric vehicles. Apple CarPlay and Android Auto systems allow users to mirror their smartphone screens in a vehicle's dashboard display. GM's decision to stop offering those systems in future electric vehicles, starting with the 2024 Chevrolet Blazer, could help the automaker capture more data on how consumers drive and charge EVs. GM is designing the on-board navigation and infotainment systems for future EVs in partnership with Alphabet's Google. PauseUnmute Fullscreen The decision to phase out CarPlay smartphone projection technology is a setback for Apple Inc in the competition with Google to capture more real estate on vehicle dashboards in North America. GM's Chevrolet brand in the past boasted of offering more models with CarPlay or Android Auto than any other brand. GM has been working with Google since 2019 to develop the software foundations for infotainment systems that will be more tightly integrated with other vehicle systems such as GM's Super Cruise driver assistant. The automaker is accelerating a strategy for its EVs to be platforms for digital subscription services. By 2035, GM's goal is to phase out production of new combustion light-duty vehicles. GM would benefit from focusing engineers and investment on one approach to more tightly connecting invehicle infotainment and navigation with features such as assisted driving, Edward Kummer, GM's chief digital officer, and Mike Himche, executive director of digital cockpit experience, said in an interview. "We have a lot of new driver assistance features coming that are more tightly coupled with navigation," Himche told Reuters. "We don't want to design these features in a way that are dependent on person having a cellphone." Buyers of GM EVs with the new systems will get access to Google Maps and Google Assistant, a voice command system, at no extra cost for eight years, GM said. GM said the future infotainment systems will offer applications such as Spotify's music service, Audible and other services that many drivers now access via smartphones. GM plans to continue offering Apple CarPlay and Android Auto mirroring systems in its combustion models. Owners of vehicles equipped with the mirroring technologies will still be able to use the systems, GM said. Drivers also will still be able to listen to music or make phone calls on iPhones or Android smartphones using Bluetooth wireless

# Moto E13 Price in India Tipped Ahead of Launch, Could Be Under Rs. 7,000



Moto E13 is set to make its debut in India on February 8. Motorola has already launched this smartphone in some European markets, priced at EUR 119.99 (roughly Rs. 10,600). Now, a reliable tipster has shared the supposed price range of this smartphone in India. It is believed that the Moto E13 could be placed in the sub-Rs. 7,000 segment. The company has also shared the specifications of this Motorola smartphone. It features a 6.5-inch IPS LCD screen and is powered by a Unisoc T606 SoC. Moto E13 price in India (expected) According to a post by tipster Debayan Roy (Twitter: @Gadgetsdata), the Moto E13 could cost between Rs. 6,499 and Rs. 6,999 in India. Motorola is set to launch this smartphone in India on February 8. It will come with 2GB RAM and 4G RAM options. The Moto E13 will be offered in Aurora Green, Cosmic Black, and Creamy White colours. Moto E13 specifications, features This smartphone gets a 6.5-inch HD+ IPS LCD screen with a 60Hz refresh rate and a 20:9 aspect ratio. Under the hood, the Moto E13 packs a UnisoC T606 SoC, coupled with a Mali-G57 MP1 GPU. This is a dual-SIM (Nano) smartphone that runs on Android 13 (Go edition). Moto Edge 40 Pro Price, Renders, Specifications Surface Online For optics, the Moto E13 gets a 13-megapixel main camera on the back and a 5-megapixel selfie camera on the front. The handset gets up to 4GB of RAM and 64GB of onboard storage, which can be expanded via microSD card (up to 1TB). Moto G73 5G, Moto G53 5G Launched Globally: Price, Specifications The Moto E13 offers Wi-Fi 802.11 a/b/g/n/ac and Bluetooth 5.0 wireless connectivity options. There is also a USB Type-C port and a 3.5mm headphone jack. Its 5,000mAh battery is said to last for up to 36 hours and supports 10W wired charging. The handset also has an IP52 dust and water resistance rating. a FHD IR camera, WiFi 6E, Bluetooth 5.2 and Alienware Command Centre 6.0 for gaming. It comes with a 97Whr battery, and it will be available with a dark metallic chassis and a moon aluminum finish with Legend 3.0 design. Alienware M16 Alienware m16 specifications The Alienware m16 comes with a 16-inch display that is available in two variants — one with a QHD+ panel with a 165Hz or 120Hz screen refresh rate and the other with a FHD+ panel with a 480Hz screen refresh rate. Both the variants come with Dynamic Display Switching technology, NVIDIS G-SYNC and AMD FreeSync support. It is powered by the 13th-gen Intel Core processor that is coupled with NVIDIA GeForce RTX or AMD Radeon graphic and up to 9TB of storage space. It comes in three keyboard options — a 1-zone backlit keyboard, a per-key AlienFX backlit keyboard and a CherryMX ultra low-profile mechanical keyboard. It also features support for Dolby Vision, Dolby Atmos, a FHD IR camera, Alienware Command Centre 6.0 for gaming and Legend 3.0 design. Alienware x16 specifications The Alienware x16 comes with a 14-inch display that is a available in three variants– a QHD+ panel with 165Hz screen refresh rate, and NVIDIA G-SYNC+ advanced optimus support, a FHD+ panel with 480Hz screen refresh rate, and NVIDIA G-SYNC+ advanced optimus support, and a QHD+ panel with 240Hz screen refresh rate, and NVIDIA G-SYNC+ advanced optimus support. It is powered by the 13th-gen Intel Core processor that is available in i9,.

# Apple iPhone Ultra for 2024 could be pricier than you think



Apple for some time has been rumored to launch an iPhone with the 'Ultra' branding. While this year's iPhone 15 lineup may or may not have a phone with the 'Ultra' moniker, the specs are said to be still upgraded, making the Pro lineup distinct from the vanilla models. Also Read - Apple iPhone 14 is selling with up to Rs 12,000 discount on Flipkart: Check deal As per Bloomberg's Mark Gurman, the company could launch an 'Ultra' premium iPhone next year. And its pricing could make it an opulent device just like the Apple Watch Ultra. Also Read - Global smartphone shipments see 15.4 percent fall from the previous year Apple's 2024 iPhone Ultra may have distinct features at a distinct price Gurman in his newsletter has shed some light on what Tim Cook believes about the increasing price of the iPhone. Also Read - Apple has more than 2 billion active devices worldwide "I think people are willing to really stretch to get the best they can afford in that category," said Cook. As per Gurman, Apple has internally discussed introducing a higher-end iPhone to the top of its smartphone lineup. Contrary to previous news that said the Pro Max could be replaced with the Ultra, the journalist has now revealed that the Ultra could be a separate phone altogether. The iPhone Ultra for next year could have several features such as a better camera, a faster chip, and a larger display. Apple may also drop the charging port on the Ultra, if it decides to add some future-forward features. All of this could make the 2024's iPhone Ultra a pricier iPhone than ever. Apple has already used the Ultra branding on some of its products such as the Apple Watch and the top version of the M1 chip. While both are more expensive than their counterparts, they offer an edge either in features or performance. Similarly, The iPhone Ultra, as said above, may offer plenty of things over the other models but could arrive at an expensive price. This year, Apple may or may not bring an Ultra device but it is expected to add a periscope lens on the top-of-the-line model. Now remains to be seen what Apple calls its top-of-the-line iPhone this year, iPhone 15 Pro Max or iPhone 15 Ultra.

# Dizo Watch D Pro, Watch D Ultra With Over 100 Sports Modes Launched in India



Dizo Watch D Pro, and Dizo Watch D Ultra have been launched as the latest entrants to the Dizo smartwatch lineup from the Realme TechLife brand, Dizo. The Dizo Watch D Pro is powered by a custom Dizo D1 SoC and features Bluetooth calling support while running on a custom Dizo OS. Dizo Watch D Ultra has been launched with an AMOLED screen. Both smartwatches come with three different strap colour options - Blue, Black, and Grey. Dizo Watch D Pro price, availability Dizo Watch D Pro is set to launch on January 17 on the e-commerce website Flipkart at a launch price of Rs. 2,699. As previously mentioned, the smartwatch comes in three strap colour options - Blue, Black, and Grey. Customers who wish to buy the Dizo Watch D Pro may choose to get notified by Flipkart once the sale commences. Dizo, OEL to Manufacture Smartwatches Audio Wearables in India: Details Dizo Watch D Ultra price, availability Dizo Watch D Ultra is set to launch on January 12 on Flipkart at a launch price of Rs. 3,299. The Dizo Watch D Ultra, too, arrives in three strap colour options - Blue, Black, and Grey. Customers can also set up an alert on Flipkart for the launch of the Dizo Watch D Ultra. Dizo Watch D Pro specifications The Pro monikered latest entry from Dizo runs on Dizo OS and features a 1.85-inch display that delivers up to 600 nits of peak brightness and supports 60Hz refresh rate. Dizo Watch D Pro is powered by a Dizo D1 SoC coupled with an independent GPU and four times more RAM. This is, the company claims, to aid fluid scrolling and better animations on the Dizo Watch D Pro. Dizo Watch R Talk, Watch D Talk With SpO2 Tracking, Bluetooth Calling Debuts in India The smartwatch sports an aluminium frame with a physical button on the right-facing side. Dizo Watch D Pro packs sensors for heart rate monitoring, SpO2 monitoring,

# Oppo Reno8 T 5G First Impressions: A Worthy Refresh?



Oppo's Reno smartphones have typically had good cameras, along with some quirky features to woo customers. Oppo launched the Reno 8 series last year and for 2023, the brand has chosen to refresh the Reno 8 (Review) with the new Reno 8T 5G first, instead of the Oppo Reno 9 which has already launched in China. The new Reno8 T 5G is priced at Rs. 29,999, which is exactly the same as the Reno 8 but lower than the Reno 8 Pro 5G (Review). Does the Reno8 T 5G live up to the hype that usually surrounds the Reno series? Here's our first impressions of the device. The Oppo Reno8 T 5G is available in a single variant with 8GB of RAM and 128GB of storage. It comes in two colour options, Sunrise Gold and Midnight Black in India. It will be available from February 10 in offline and online stores, such as Flipkart. The smartphone will compete with the likes of the Realme 10 Pro+ (Review) and Redmi Note 12 Pro+ (Review) in India. Oppo Reno 8T Body Oppo Reno 8T Body Oppo Reno8 T 5G weighs 171g and is 7.7mm thick The Oppo Reno8 T 5G features a polycarbonate body and chrome side rails that surprisingly does not attract a lot of fingerprints. On the right side of the smartphone is the power button, while the volume buttons are on the left. The USB Type-C charging port, speaker grille, microphone and SIM tray are all located at the bottom of the smartphone. Oppo Reno 8 5G Review: Familiar Wine in a New Bottle? On the top, we have another microphone for noise cancellation and an additional speaker for stereo sound. The smartphone uses a hybrid SIM slot, which means you can either use a second SIM card or a microSD card. The Oppo Reno8 T 5G's back panel is made of polycarbonate. It feels a little flimsy as there's noticeable flex when you apply pressure, which is unappealing. The back panel has a superb finish though, that does not attract fingerprints. The coating also changes colour depending on which angle you look at it. The Oppo Reno8 T 5G has a triple-camera setup at the back. There's a 108-megapixel primary camera, a 2-mega-

# Government Bans Over 230 Betting, Loan Lending Apps With Chinese Links After Complaints of Extortion



In a major crackdown, the Central government has initiated the process to ban and block 138 betting apps and 94 loan lending apps with Chinese links on an 'urgent' and 'emergency' basis, top government sources said on Sunday. Ministry of Electronics and Information Technology (MeitY) is learnt to have taken the decision based on the recommendations of the Ministry of Home Affairs (MHA). As per sources, the MHA recommended the MeitY this week to ban and block these apps, and the Ministry subsequently initiated the process as per communication. Government to Discuss PIB Fact Checks With Stakeholders in February The move was taken after confirming that these apps attract Section 69 of the IT Act as they contain material which is prejudicial to sovereignty and integrity of India. The action behind the move is based on several complaints of extortion and harassment of common people who had availed small amounts of loans through the mobile apps being run by those entities and persons. It is learnt that these apps are the brainchild of Chinese nationals who hired Indians and made them directors in operation. Government to Act Against Dubious Digital Loan Apps, Finance Minister Says As per inputs, desperate individuals are lured into taking on a loan and then jacked up the interest by up to 3,000 per cent annually. When the debtors were unable to repay the interest, let alone the entire loan, individuals representing these apps started harassing those in debt. They sent them lewd messages, threatening to release their morphed photos and shaming them with messages to their contacts. RBI, MeitY Ask Google to Act Against Illegal Digital Lending Apps: Report The matter came into the spotlight after a spate of suicides, particularly in Andhra Pradesh and Telangana, by those who opted for such loans or lost money to betting apps. States like Telangana, Odisha and Uttar Pradesh as well as central intelligence agencies had then asked the Union Home Ministry to take action against these apps, sources said. Based on these inputs, the MHA started analysing 28 Chinese loan lending apps six months ago. However, they found that 94 apps are available on e-stores and that others are working through third-party links. It is learnt that many apps are now not available to download on smartphones but sources say the betting apps and games are being downloaded through independent links or websites. The Ministry of Information and Broadcasting (MIB) issued an advisory, stating that since betting and gambling are illegal in most parts of the country.

advertisements of these betting platforms, as well as their surrogates, are also illegal under the provisions of the Consumer Protection Act 2019, Cable TV Network Regulation Act 1995 and the IT Rules, 2021

# संपादकीय

# बेकाबू होती जा रही महंगाई...



महंगाई गंभीर समस्या बनती जा रही है और बाजार में उतार-चढ़ाव के तौर पर देखी जाने वाली स्थितियां अब आम रहने लगी हैं। एक दौर था, जब लोग कुछ समय तक महंगाई की चुनौतियों का सामना कर लेते थे। अब महंगाई में निरंतरता बनी हुई है, खर्च की चादर फैलती जा रही है। ठंड के मौसम में हरी सब्जियां बाजार में दिखती हैं और अमूमन उनकी कीमत ऐसी रहती है कि लोग खर्च कर सकें, लेकिन इस साल ऐसा नहीं है। गोभी, पालक, भिंडी, टमाटर, प्याज, लहसुन, मटर जैसी सब्जियों के दाम ज्यादा होने से आम लोगों का बजट प्रभावित हो रहा है।

सब्जी विक्रेताओं के मुताबिक, बड़े कारोबारियों की जमाखोरी के कारण महंगाई की नौबत आई है। विवाह आयोजनों के लिए खरीद हो रही है और छोटे विक्रेताओं तक आवक कम हो रही है। इस बार हरी सब्जियों की पैदावार भी कम हुई है।

हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों से रोजी-रोजगार की फिक्र में लोग यह भी भूलते जा रहे हैं कि उनकी थाली में न्यूनतम चीजें क्या-क्या होनी चाहिए। यह नौबत आ गई है कि अर्थव्यवस्था के चमकते आंकड़ों की चकाचौंध के बीच बहुत सारे लोगों को खाने-पीने की चीजों में भी कटौती करनी पड़ रही है। यह सोचने की जरूरत है कि आर्थिक विकास के दावों के दायरे में कौन है। क्यों थाली महंगी हो रही है।

जरूरी सामानों के साथ ही खाद्य पदार्थों की बढ़ी हुई कीमतों ने पहले ही आम लोगों की रोजमर्रा की जरूरतों को प्रभावित करना शुरू कर दिया था। मुश्किल सिर्फ सब्जियों तक नहीं सिमटी है। इसका असर दूसरे खाद्य पदार्थों पर भी पड़ा है और खरीदारी के वक्त भी लोगों को अब थोड़ा रुक कर सोचना पड़ रहा है।

यह दुखद स्थिति है कि आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर कदम बढ़ाने का दावा करने के क्रम में इस पक्ष की अनदेखी की जा रही है कि लोग जीने के लिए जो भोजन कर रहे हैं, उसके लिए उन्हें कितना सोचना पड़ रहा है। देश की गरीब आबादी के सामने किस तरह की चुनौतियां खड़ी हैं, यह समझना बहुत मुश्किल नहीं है।

रुपए की कीमत लगातार कम होते जाने की वजह से भी महंगाई पर काबू पाने में मुश्किलें आ रही हैं। महंगाई की हकीकत और सरकारी आंकड़ों में विरोधाभास दिख रहा है। दो दिन पहले सरकार का आंकड़ा सामने आया कि महंगाई दर में गिरावट हुई है और दावा किया गया कि खुदरा बाजार में स्थिति संभलने लगी है, लेकिन हकीकत कुछ और है। दरअसल, खुदरा बाजार का तंत्र जरूरी नहीं कि थोक बाजार से ही नियंत्रित हो या उसके जरिए ही संचालित हो। एक बड़ी वजह यह है कि आयात और निर्यात नीति पर संतुलित तरीके से ध्यान नहीं दिया जाता।

